दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 22 अप्रैल-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 122 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




मुलाकात





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा से दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता ने मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रदीप त्यागी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## गाजियाबाद में बेवजह नहीं कटेगा सड़कों पर चालान
## अब ट्रैफिक इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर ही काटेंगे चालान

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद में आने के बाद

**- सड़कों पर जाम लगाने वालों को भेजा जाएगा नोटिस और फोटोग्राफी का भी रहेगा सबूत**

**- अब प्रमुख मार्ग पर अगर होगा कोई आयोजन तो पुलिस को भेजनी होगी आयोजकों को जानकारी**

नई पुलिसिंग को शुरू करने की ओर ध्यान दे रहे हैं। वह जनसुनवाई पर फोकस कर रहे हैं, तो फरियादियों को परेशानी ना हो इसलिए मुकदमे की कॉपी पीड़ितों के घर तक पहुंचाई जा रही है। अपराधी अपराध से तौबा करें और वह दोबारा अपराध न करें, इसके लिए उनको शपथ दिलाई गई है। तो गाजियाबाद शहर से लेकर देहात के इलाकों में सड़क पर लगने वाले जाम के खात्मे के लिए भी पुलिस कमिश्नर ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के यातायात पुलिस डीआईजी, एडीसीपी, एसीपी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर और पहली बार ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर के साथ मीटिंग करते हुए तमाम बिंदुओं पर मंत्रणा करने के बाद नया प्लान तैयार किया गया है। जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों और सरकारी व निजी मार्गों पर अतिक्रमण ठेला, ठेली, ई-रिक्शा अवैध निर्माण द्वारा करने वालों की फोटोग्राफी होगी। साथ ही उनकी धारा-152 के तहत चलानी भरकर भेजी जाएगी। उन्हें नोटिस दिया जाएगा और बार-बार नियम तोड़ने पर उन्हें न्यायालय में भी बुलाया जाएगा। वहीं किसी भी मुख्य मार्ग एवं होटल, बैंक्विट हॉल या बड़े आयोजन स्थल वहां पर शादी समारोह, भंडारा या किसी तरीके के भीड़ वाला आयोजन होगा, तो इसकी सूचना भी यातायात पुलिस को ईमेल पर उपलब्ध करानी होगी ताकि वहां जाम से बचाव के उपयुक्त उपाय किए जा सके।



### गाजियाबाद में अब बेवजह नहीं कटेंगे चालान

करंट क्राइम : रविवार की शाम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारियों और यातायात पुलिस की विस्तृत टीम के साथ हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि केवल नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के ही चालान किए जाएंगे। साथ ही चालान केवल अब यातायात इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर के द्वारा ही किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि पहले हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल के द्वारा भी चालान किए जाते थे जबकि उनके साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे या ना रहें।



### बंपर चालान का मुद्दा गाजियाबाद में रहा है जमकर हावी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम बनने के बाद यातायात पुलिस द्वारा बेवजह लोगों के चालान काटने की शिकायत शासन से लेकर भाजपा के नेताओं और मंत्रियों से लेकर विधायकों की ओर से समय-समय पर की गई थी लेकिन उसका हल नहीं निकल रहा था। अब अधिकारी बदले हैं तो हालत भी बदलने शुरू हो गए हैं। नए कमिश्नर ने निर्देशित किया है कि बेवजह किसी का चलन ना किया जाए। जाम लगने की स्थिति में जाम को तत्काल खुलवाने का प्रयास हो। साथ ही आसपास की जो भी ट्रैफिक पुलिस की गाड़ियां और पुलिसकर्मी हो वह इसको संज्ञान में लेकर समाधान करने का काम करेंगे। बता दें कि गाजियाबाद में मार्च के माह तक औसतन हर माह 4000 से छह हजार तक प्रतिदिन चालान होते थे। तो वहीं अब इस नई व्यवस्था होने के बाद चालान की संख्या 1200 से 1500 के बीच प्रतिदिन रहे जाएगी।

### बार-बार अतिक्रमण करने वालों को भेजा जाएगा जेल

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सड़क किनारे और प्रमुख स्थानों, निजी और सरकारी संस्थाओं और मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण करके जाम लगाने वाले लोगों की फोटोग्राफी और वीडियो ग्राफी कराई जाएगी। अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि साथ ही जो लोग नहीं मानेंगे, उनको सहायक पुलिस आयुक्त के न्यायालय में भी भेजा जाएगा और नियम तोड़ने वालों से सख्ती से निपटने के लिए उनको धारा-151 के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

### बैंड,बाजा बारात जरूरी, तो यातायात संचालन भी आवश्यक



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने यातायात पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर बैंड बाजा बारात जरूरी है, तो यातायात का सामान्य संचालन भी बेहद आवश्यक है। जाम लगने से बड़ी संख्या में लोगों को परेशानी होती है। साथ ही कई बार अति आवश्यक कार्यों और आपात स्थिति में लोगों के फंसने की वजह से बड़ी दिक्कतें भी होती हैं। ऐसे में किसी भी बैंक्विट हॉल, होटल, निजी या सार्वजनिक स्थान पर अगर कोई भी शादी विवाह का कार्यक्रम, भंडारा या भीड़ जुटाना वाला आयोजन है तो इसकी सूचना बाकायदा यातायात पुलिस के अधिकारियों और ईमेल एड्रेस पर भेजी जाए ताकि उपयुक्त स्थान पर पुलिस का प्रबंध किया जा सके ताकि जाम एवं अन्य परेशानियों से लोगों को बचाया जा सके।

## कमिश्नरेट में जनसुनवाई पर है पुलिस कमिश्नर का पूरा ध्यान
## सोमवार को दोपहर तीन बजे तक की फरियादियों से मुलाकात और जनसुनवाई कर दिशानिर्देश

**- सीपी कार्यालय से भेजे जाने वाले प्रार्थना पत्रों पर 24 घंटे के अंदर भेजी जानी है पुलिसकर्मियों द्वारा रिपोर्ट**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर ने गाजियाबाद में चार्ज लेते ही अलग पुलिसिंग और सोशल पुलिसिंग का नजारा प्रस्तुत किया है। तो वहीं वह जनसुनवाई के मामले में भी जमकर फोकस कर रहे हैं। सोमवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ खुद पुलिस ऑफिस में सुबह 10 बजे से लेकर 3:15 बजे तक बैठे और इस दौरान उन्होंने आने वाले फरियादियों की समस्या सुनी। साथ ही अधिकारियों को सीधे निर्देश दिए, तो वहीं प्रॉपर्टी, पारिवारिक और पैसों के लेनदेन के विवाद के मामलों में पहुंचे लोगों को भी स्पष्ट बताया कि उन्हें क्या करना है। पुलिस इसमें क्या मदद कर सकती है। कुल मिलाकर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नर शुरूआती दिनों में ही जनसुनवाई पर पूरा फोकस कर रहे हैं, तो इसका संदेश भी जाना शुरू हो गया है। आईपीएस अधिकारी और गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने गाजियाबाद में चार्ज लेते ही कहा था कि वह प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 तक नियमित सुनवाई करेंगे लेकिन सोमवार को वह 10 से 3 बजे तक अपने कार्यालय में बैठे रहे और आने वाले फरियादियों की समस्या सुनने और कार्रवाई का काम किया।

### थाना प्रभारी भी कर रहे हैं रोजाना 10 से 2 तक जनसुनवाई

करंट क्राइम : एक तरफ जहां खुद पुलिस कमिश्नर जनसुनवाई में आने वाले लोगों की समस्या सुनने का काम कर रहे हैं। तो वहीं उन्होंने कमिश्नरेट के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित कर दिया है कि वह भी प्रतिदिन जनसुनवाई करेंगे और सुबह 10 बजे से 2 बजे तक सभी अपने थानों में उपस्थित होकर जनसुनवाई का काम करेंगे। इस दौरान उनके साथ थाने के अन्य पुलिसकर्मी भी अधिक भीड़ होने पर सहयोग करेंगे। सीपी के निर्देश का असर यह है कि सभी थानों में जनसुनवाई समयबद्ध तरीके से शुरू कर दी गई है।

### शुरू हो गई है पुलिस ऑफिस और अन्य कार्यालय की स्थिति बदलने की तैयारी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नर ऑफिस में कुर्सियां बदली हुई मिलेगी। तो वहीं कई अन्य अधिकारियों के कार्यालय और बोर्ड से लेकर गेट भी बदले जाएंगे। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ के पुलिस ऑफिस में बैठने से यहां के कई कार्यालय की दशा और दिशा सुधारी जाएगी। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर में भी सुधार देखने को मिलेगा। जानकारी के लिए फर्नीचर खरीदने से लेकर यहां पेंटिंग और अन्य व्यवस्था कराई जाने का निर्देश संबंधित को दे दिया गया है।

### जनसुनवाई से सुधरेंगी पुलिस कमिश्नरेट की रैंकिंग

करंट क्राइम : शासन स्तर पर जनसुनवाई की मॉनिटरिंग बड़े स्तर पर होती है। तो इसी मॉनिटरिंग के आधार पर रैंकिंग भी निर्धारित की जाती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के नए कमिश्नर का फोकस इसी बात पर है की जनसुनवाई बेहतर बनाई जाए ताकि रैंकिंग में भी गाजियाबाद पुलिस की स्थिति सुधरे और लोगों को इसका सीधा लाभ मिले।

### रोजाना वादियों के घर पहुंचाई जा रही है मुकदमे दर्ज होने पर कॉपी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जहां चार्ज लेने के कुछ दिन बाद ही एक नई व्यवस्था शुरू की गई है, किसी भी थाने में अगर नया मुकदमा दर्ज हो रहा है तो उस मुकदमें की कॉपी पीड़ित यानी वादी के घर तक पहुंचाई जाएगी। इस कॉपी को पहुंचाने का काम थाने और चौकी के पुलिसकर्मियों द्वारा लिया जा रहा है ताकि वीदियों को थाने और चौकी के चक्कर नहीं लगाने पड़े और परेशान होने से बचें।

## अब क्रॉस एफआईआर दर्ज करने में पुलिस करेगी गहनता से जांच
## बिना अधिकारियों के लिया फैसला तो तगड़ा होगा एसएचओ का इलाज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए पुलिस कमिश्नर रे रविंदर गौड़ ने पुलिस कमिश्नरेट में कानून व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के लिए एक आदेश दिया है। पुलिस आयुक्त ने एक ही मामले में संबंधित दोनों पक्षों की तरफ से एक दूसरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ ही उनकी अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया है। वहीं अगर थाना प्रभारी या संबंधित पुलिस अधिकारियों ने किसी प्रकार की मिली भगत करते हुए मुकदमा लिखा तो उनपर भी कार्रवाई की जा सकती है।

### क्रॉस मुकदमों से बढ़ता है विवाद

करंट क्राइमः पुलिस कमिश्नर का कहना है कि यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है कि झगड़ा या विवादों की आड़ में मनमानी मुकदमे दर्ज न हो और मामला निष्पक्ष रूप से जांच के दायरे में आए। साथ ही उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को आदेश जारी कर कहा है कि कई बार पीड़ित और आरोपित दोनों एक दूसरे पर मुकदमा दर्ज करवा देते हैं। जिससे विवेचक के लिए सत्य तक पहुंचना कठिन होता है और वह इस पूरे मामले में उलझ कर रह जाता है। इसमें पुलिस के साथ ही वादी व प्रतिवादी दोनों का समय भी खराब होता है। साथ ही एक पक्ष पुलिस पर आरोप भी लगता रहता है जो ठीक नहीं है। उन्होंने थाना प्रभारियों को भी मुकदमा लिखते हुए क्रॉस मामलों में बेहद गंभीरता से जांच करने का निर्देश दिया है।

# गाजियाबाद के लिए 22 अप्रैल को होगी बड़े ही गौरव की बात
# डॉ. उपासना अरोड़ा की होगी अमेरिका के वाईस प्रेजिडेंट से खास मुलाकात



### 22 अप्रैल को जयपुर में होगी ये मुलाकात

(करंट क्राइम)। यशोदा सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल कौशांबी तथा यशोदा मेडिसिटी की एमडी तथा सीईओ डॉ. उपासना अरोड़ा 22 अप्रैल मंगलवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में यूएसए के वाईस प्रेजिडेंट जेडी वेन्स से मुलाकात करेंगी। मंगलवार को ये मुलाकात होगी और खास बात ये है कि देश के चुनिंदा लोगों से मुलाकात का ये कार्यक्रम रखा गया है और देश के उन चुनिंदा लोगों में गाजियाबाद की डॉ. उपासना अरोड़ा भी शामिल हैं।

### अध्यात्म से लेकर चिकित्सा विज्ञान तक डॉ. उपासना अरोड़ा का नाम

(करंट क्राइम)। डॉ. उपासना अरोड़ा यशोदा मेडिसिटी की सीईओ हैं। वो चिकित्सा विज्ञान के साथ-साथ अध्यात्म और धर्म के क्षेत्र में भी रूचि लेती है। बीते दिनों देश के सुप्रसिद्ध मंदिर में अरोड़ा दम्पत्ति ने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए अपने केश दान किया थे। डॉ. उपासना अरोड़ा अध्यात्म के क्षेत्र में भी गहन रूचि रखती हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि वो अध्यात्म और चिकित्सा विज्ञान के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्रों में काम करती हैं। वो राष्ट्र के प्रति समर्पित विचारधारा के साथ प्रत्येक फील्ड में काम करती हैं। उनका मानना है कि प्रत्येक मनुष्य को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए और जीवन में आत्म अनुशासन से ही तरक्की की जा सकती है। राष्ट्र धर्म सर्वोपरि होता है और अध्यात्म के मार्ग से हम जीवन में शांति का अनुभव कर सकते हैं। सेवा के कई मार्ग हैं और हम अलग-अलग मार्गों से सेवा का एक रास्ता चुन सकते हैं।



### डॉ. पीएन अरोड़ा ने गाजियाबाद को दिया है चिकित्सा उपहार



(करंट क्राइम)। अगर निजी अस्पतालों की बात करें तो यहां यशोदा अस्पताल समूह ने ना केवल गाजियाबाद बल्कि पूरे एनसीआर में चिकित्सा का एक उपहार दिया है। डॉ. पीएन अरोड़ा का ही विजन है कि आज गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल में केवल देश से ही नहीं बल्कि विदेश से भी लोग इलाज कराने आते हैं। इसकी बड़ी वजह ये है कि यशोदा समूह चिकित्सा विज्ञान के हर पहलू से अपडेट होकर चल रहा है। विश्वस्तरीय तकनीक और विश्वस्तरीय उपचार को यशोदा समूह सबसे पहले लेकर आता है। यशोदा अस्पताल की सबसे बड़ी देन इंदिरापुरम में मेडिसिटी होने जा रही है। यह अस्पताल शुरू होने के बाद चिकित्सा विज्ञान के साथ-साथ लाखों लोगों को उपचार के लिये कहीं नहीं जाना होगा। मेडिसिटी जून माह से शुरू हो जाएगी। डॉ. पीएन अरोड़ा ने जहां यशोदा अस्पताल को एक विश्वसनीय नाम और पहचान दिलाई है वहीं वो भी सामाजिक कार्यों में आगे रहते हैं। राजनीति से लेकर सामाजिक कार्यों तक उनकी पूरी रूचि रहती है और सबसे बड़ी बात ये है कि एक बड़े समूह के सीएमडी होने के बाद भी वो हमेशा सहज और सरल स्वरूप में उपलब्ध रहते हैं। मिलनसार हैं और हमेशा सहयोगी भाव से काम करते हैं।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अगर यशोदा अस्पताल समूह की बात की जाए तो इस समूह ने गाजियाबाद का नाम मेडिकल के क्षेत्र में पूरे देश में ऊंचा किया है। एनसीआर के भीतर ये एक पहला ऐसा अस्पताल है जिसमें विश्वस्तरीय चिकित्सा की सुविधाएं हैं। इतिहास गवाह है कि यहां हर बड़े सियासी दलों के नेताओं को उपचार मिला है। गाजियाबाद के लिये सही मायनों में यह अस्पताल चिकित्सा के क्षेत्र में एक वरदान साबित हुआ है। यशोदा अस्पताल का नाम पूरे देश में चिकित्सीय सुवधिाओं के लिये जाना जाता है। एक ऐसा स्थान जहां विश्वस्तरीय चिकित्सा की सुविधाएं मौजूद हैं। विश्वस्तरीय डॉ. मौजूद हैं और इन सबके पीछे अगर किसी का ब्रेन काम कर रहा है, किसी की योजना पर काम हो रहा है तो वह नाम डॉ. पीएन अरोड़ा और डॉ. उपासना अरोड़ा का है। ये दोनों शख्सियत मिलकर गाजियाबाद को चिकित्सा के क्षेत्र में विश्वस्तरीय ख्याति दिला रहे हैं। लगातार शतत कार्य हो रहा है। एक नया आयाम, एक नई पहचान गाजियाबाद को इस अस्पताल ने दी है।

हर आम व्यक्ति और खास व्यक्ति को उपचार उपलब्ध है और अब एक नई उपलब्धि गाजियाबाद को गौरवान्वित करेगी जब यशोदा सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल कौशांबी तथा यशोदा मेडिसिटी की एमडी तथा सीईओ डॉ. उपासना अरोड़ा यूएसए के वाईस प्रेजिडेंट जेडी वेन्स से मुलाकात करेंगी। इस मुलाकात के दौरान डॉ. उपासना अरोड़ा चिकित्सा क्षेत्र की उपलब्धियों को साझा करेंगी।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लॉन्च किया हीट एक्शन प्लान 2025

## दिल्लीवासियों को जगह-जगह मिलेगी वाटर कूलर और प्याऊ की सुविधा

### 'यमुना को गंदी नहीं करना वरना यमराज नाराज हो जाएंगे'




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री सीएम रेखा गुप्ता ने हीट एक्शन प्लान 2025 लॉन्च किया। इस बार का एक्शन प्लान तकनीकी सहयोगियों, शैक्षणिक संस्थानों, एनजीओ, शासन, प्रशासन और जनभागीदारी का समावेश है। हीट वेब से दिल्ली के हर व्यक्ति को सुरक्षित रखना लक्ष्य है। खासकर बाहर काम करने वाले लोगों और कामगारों को सुरक्षित रखने पर फोकस है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएम रेखा गुप्ता के अलावा कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, पंकज सिंह, एनडीएमए अध्यक्ष, दिल्ली सरकार के सचिव, सभी 11 जिलों के डीएम मौजूद रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने सिविल सर्विस डे की बधाई दी। उन्होंने कहा, 'शासन-प्रशासन के सहयोग से विकसित दिल्ली, विकसित भारत के लिए काम कर सकते हैं। दिल्ली ऐसी है कि कोई मौसम आता है तो परेशानी भी आती है। बारिश में जलभराव, ठंड में प्रदूषण, दिल्ली का तापमान 52.9 तक गया है। इसलिए दिल्ली की तैयारियां उसी स्तर की होनी चाहिए। हीट वेब से बचाव के एक बहुत बड़ा प्लान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने दिया है। हमने कैबिनेट से इसपर चर्चा की है। हमारा जो पुराना कल्चर रहा है, उसपर काम करने की जरूरत है। छबील लगाना, प्याऊ लगाना, शरबत बांटना चालू करना होगा। इसीलिए सरकार सभी सरकारी बिल्डिंग में 3000 वाटर कूलर लगाने जा रही है।'

### हीट वेब वार्ड बनाए जाएंगे

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, 'इसमें सरकार, सीएसआर, एनजीओ मिलकर काम करेंगे। जगह-जगह पर कूलिंग शेल्टर, फुटपाथ पर शेड्स, बस स्टॉप पर शेड्स, आईएसबीटी पर, सरकारी बिल्डिंग में कूल रूफ करेंगे। लोगों को भी अपने घरों में ग्रीन रूफिंग करनी चाहिए, जहां भी जगह मिले पौधे लगाने की कोशिश करनी है। दिल्ली सरकार मौसम विभाग हीट वेब एलर्ट जारी करेंगे, बड़े अस्पतालों में हीट वेब वार्ड बनाए जाएंगे। झुग्गी बस्ती में ठंडी छांव बनाई जाएगी, कम आय के लोगों को बचाने के लिए सर्वाधिक काम किया जाएगा। इसलिए केंद्र से दिल्ली सरकार को मिले 1800 आपदा मित्र लगाए जाएंगे। बस अड्डे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर वाटर कूलर, मिनरल वाटर डिस्पेंसर लगाए जाएंगे। हमारे लिए हर जान कीमती है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मिलकर काम करेंगे।

प्रवेश साहिब सिंह ने कहा, 'यमुना की सफाई और रिवर फ्रंट बनाने की तैयारी है। हमें लोगों को समझाना चाहिए कि यमुना को गंदा करेंगे तो यमराज जी नाराज हो जाएंगे।



> 'दिल्ली हीट एक्शन प्लान की किताब बहुत मोटी बनी है, लेकिन मैं चाहता हू कि शब्दों से ज्यादा जमीन पर काम नजर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली को पानी पर्याप्त मिलता है, लेकिन पानी में लीकेज है, पानी की चोरियां हो रही हैं, इसीलिए जीपीएस टैंकर सेवा शुरू किया है, सभी टैंकर में सेंसर जल्द लग जाएंगे। दिल्ली में प्याऊ घट गए हैं, इंसान के साथ पशु, पक्षियों को भी पानी मिलना चाहिए। हमें इसका भी ध्यान रखना है। पीडब्ल्यूडी रोड पर वाटर एटीएम लगाएंगे, बस स्टैंडों, दिल्ली सरकार की सभी भवन, सभी स्कूल पर पानी का प्याऊ लगा रहे हैं। तीन-चार हजार ऐसे प्याऊ लगाएंगे, करीब पांच लाख लोग पानी पी पाएंगे। दिल्ली सरकार गायों के लिए 5000 क्षमता की गोशाला दिल्ली सरकार बना रही है। गायों के लिए एनडीएमए को काम करना चाहिए, तभी गायें बचेंगी और तभी हमको शुद्ध दूध, दही, बटर मिल्क, पनीर मिलेगा।'
>
> – **प्रवेश साहिब सिंह**, जल, पीडब्ल्यूडी मंत्री, दिल्ली सरकार

# जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के चलते घाटी के सभी स्कूल बंद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में लगातार खराब मौसम और मौसम विभाग के पूवार्नुमान को देखते हुए घाटी के सभी स्कूलों में 21 अप्रैल को एक दिन के लिए कक्षाएं स्थगित करने का फैसला लिया गया है। यह निर्णय छात्रों की सुरक्षा और भलाई को ध्यान में रखते हुए एहतियाती कदम के तौर पर लिया गया है।

स्कूल और उच्च शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'लगातार खराब मौसम की स्थिति और पूवार्नुमान के मद्देनजर, घाटी के सभी स्कूलों में कल (21 अप्रैल) एक दिन के लिए कक्षाएं स्थगित रहेंगी। यह निर्णय सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।' अधिकारियों ने अभिभावकों और छात्रों से मौसम की स्थिति पर नजर रखने और सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है।

### कुछ ही घंटों में भारी बारिश ने मचाई तबाही

पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू कश्मीर के कुछ इलाकों में भारी बारिश से तबाही मचाई है। आसमान से पानी बरसने के साथ ओले गिरने और तेज हवाओं से आम, गेहूं आदि फसल को नुकसान पहुंचा है। पिछले चौबीस घंटों में तेज बारिश से कुछ इलाके अधिक प्रभावित हुए हैं। बनिहाल इलाके में 75 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई है। रामबन में भी दो घंटे के भीतर ही 60 मिलीमीटर तक बारिश हो गई। उत्तरी और दक्षिण कश्मीर के भी कुछ इलाकों में बारिश से जीवन अस्त व्यस्त रहा। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार सोमवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। लेकिन आगामी अधिकांश मौसम साफ रहेगा, जिससे तपिश में वृद्धि होगी। मौसम में आए बदलाव का कश्मीर और बनिहाल से लगते क्षेत्रों पर अधिक प्रभाव दिखा है। पिछले चौबीस घंटे में काजीगुंड में 54.6 मिलीमीटर बारिश हुई है। इसी तरह कोकरनाग में 43.9, विश्व विख्यात पर्यटन स्थल पहलगाम में 34.2, गुलमर्ग में 25.4, श्रीनगर में 12.4 और कुपवाड़ा में 6.2 मिलीमीटर बारिश हुई है। बटोत में 9.0, कटड़ा में 2.0, भद्रवाह में 15.4 मिलीमीटर बारिश हुई।

जम्मू में धूप के साथ शाम को बादलों की गड़गड़ाहट होती रही। लेकिन तपिश से राहत नहीं मिल पाई। यहां दिन का पारा सामान्य से 2.3 डिग्री चढ़कर 35.4 और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मिश्रीवाला में ओलावृष्टि हुई। राजोरी के पहाड़ी क्षेत्रों में भी बारिश के साथ ओले गिरे। बनिहाल में अधिकतम तापमान 19.4, बटोत में 16.6, कटड़ा में 30.6 और भद्रवाह में 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी श्रीनगर में दिन का पारा 21.4 और न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहलगाम में अधिकतम तापमान 18.2 और गुलमर्ग में 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल अस्पताल में भर्ती, मिलने पहुंचीं सीएम ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की तबीयत बिगड़ गई है। सीवी आनंद बोस को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने अस्पताल में जाकर राज्यपाल सीवी आनंद बोस से मुलाकात की है और उनका हालचाल जाना है। सीएम ममता ने राज्यपाल का हेल्थ अपडेट भी दिया है।

**राज्यपाल के हार्ट में ब्लॉकेज-अस्पताल सूत्र :** जानकारी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को तबीयत बिगड़ने और सीने में दर्द की शिकायत थी। अस्वस्थ महसूस होने के बाद राज्यपाल को राज्य के कोलकाता के कमांड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के सूत्रों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, राज्यपाल बोस के हार्ट में ब्लॉकेज की समस्या सामने आई है।

**सीएम ममता ने क्या बताया? :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कमांड अस्पताल में जाकर राज्यपाल सीवी आनंद बोस से मुलाकात की और उनकी सेहत का हाल जाना है।

सीएम ममता ने कहा- ₹मैं राज्यपाल से मिलने गई थी। उनकी तबीयत ठीक नहीं है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।₹ जानकारी के मुताबिक, सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस को कमांड अस्पताल से कोलकाता के अपोलो अस्पताल में शिफ्ट किया जाएगा।

## मुर्शिदाबाद हिंसा की एसआईटी जांच वाली अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार



**कोलकाता।** वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जनहित याचिका पर आज अहम सुनवाई होगी। वकील शशांक शेखर झा की तरफ से दाखिल याचिका में इस हिंसा की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी जांच कराने की मांग की गई है।

इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था को लेकर ममता सरकार से स्पष्टीकरण मांगने की भी मांग की गई है, क्योंकि याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज्य प्रशासन की लापरवाही की वजह से हिंसा भड़की और हालात बेकाबू हुए।

वहीं पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार आज मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगे। हिंसा के बाद जारी सियासी घमासान के बीच उनका ये दौरा काफी अहम माना जा रहा है। दोपहर करीब 12 बजे मजूमदार मुर्शिदाबाद पहुंचेंगे, जहां वो हिंसा प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे और मुर्शिदाबाद में जमीनी हालात का जायजा लेंगे।

### स्टिस कांत ने याचिकाकर्ता से क्या पूछा

पुनवार्स किए जाने वाले लोग कौन हैं? वे लोग कौन हैं जो राज्य से भाग गए हैं? क्या वे इस अदालत के सामने हैं? आप मीडिया रिपोर्टों पर इतना भरोसा क्यों कर रहे हैं?

## संजय नगर रामलीला कमेटी को लेकर जारी है घमासान

## एक पक्ष ने ली अध्यक्ष की शपथ, तो दूसरा बोला सिर्फ चुनाव पर लगी है रोक कोई अध्यक्ष नहीं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** श्री आदर्श धार्मिक रामलीला समिति संजय नगर में कुछ दिनों से चला आ रहा मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। जहां दोनों पक्ष अपने-अपने आपको सही बता रहे हैं। तो वहीं उनके अलग-अलग फैसला भी हो रहे हैं। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फर्जी कागजातों पर प्रथम पक्ष की आपत्ति के पश्चात डिप्टी रजिस्टार ने संजय नगर रामलीला के पुनः चुनाव कराने पर रोक लगाई। तो वहीं पार्षद पप्पू नागर अध्यक्ष बन गए हैं, उन्हें शपथ दिला दी गई है। तो उधर वीरेंद्र बाबू वर्मा का कहना है कि सिर्फ चुनाव पर रोक लगी है, अध्यक्ष कोई अभी तय नहीं कर सकता है। दोनों पक्ष अपने-अपने कागजात और जानकारी का हवाला दे रहे हैं और खुद के आदेशों को सही बता रहे हैं। बता दें कि बीते लंबे समय से श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी संजय नगर का मामला लगातार विवादों में घिरा हुआ है। एक पक्ष खुद को सही ठहरा रहा है, तो दूसरा पक्ष अपने आप को ठीक बता रहा है। इस मामले में जिला प्रशासन से लेकर डिप्टी रजिस्ट्रार तक के यहां शिकायतों का लंबा दौर चल रहा है।

# पत्नी ने की क्रूरता की सारी हदें पार

## पूर्व डीजीपी की आंखों में डाला मिर्ची पाउडर, फिर रस्सी से बांधा उसके बाद चाकू घोंपकर कर डाली हत्या

**कर्नाटक।** कर्नाटक के पूर्व पुलिस प्रमुख ओम प्रकाश की हत्या ने सबको हिला कर रखा दिया है। पूर्व डीजीपी की हत्या के आरोप में उनकी पत्नी पल्लवी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड में अब जो डिटेल सामने आ रही हैं, वह बेहद चौंकाने वाली हैं। पता चला है कि पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश का अपनी पत्नी के साथ झगड़ा चल रहा था। इसी दौरान पत्नी ने कथित रूप से उनकी आंखों में मिर्ची पाउडर झोंक डाला। फिर उन्हें रस्सी से बांधा और चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 68 वर्षीय इस रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी पर कांच की बोतल से भी हमला किया गया था।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ओम प्रकाश और पल्लवी के बीच संपत्ति को लेकर झगड़ा चल रहा था, जो उन्होंने अपने किसी रिश्तेदार को दे दिया था।

इसी कहा-सुनी ने एक दिन हिंसक रूप ले लिया, जिसमें पूर्व डीजीपी की जान चल गई।

### पति पर डाला खौलता तेल

रिपोर्ट के अनुसार, पूछताछ के दौरान प्रकाश की पत्नी पल्लवी ने पुलिस को बताया कि पिछले एक हफ्ते से घर में झगड़ा चल रहा था और वह बार-बार उसे और उसकी बेटी को गोली मारने की धमकी दे रहा था। उसने कहा कि 20 अप्रैल की सुबह से ही कई चीजों को लेकर कहा-सुनी चल रही थी और दोपहर तक यह बढ़ गई। पल्लवी का दावा है कि पहले तो प्रकाश ने उन्हें मारने की कोशिश की थी और किसी तरह वह अपनी जान बचा पाई।

> **खुद फोन करके हत्या की दी जानकारी**
>
> मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी पति की इस तरह हत्या करने के बाद पल्लवी ने एक दूसरे आईपीएस अधिकारी की पत्नी को फोन करके इसकी जानकारी दी थी। उस महिला ने ही पुलिस को इस हत्याकांड की खबर दी, जिससे बाद तुरंत पुलिसवाले पूर्व डीजीपी के घर पर पहुंचे। वहां उन्होंने तुरंत पल्लवी और उनकी बेटी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों मां-बेटियों से करीब 12 घंटे की पूछताछ की।

# पति ने लगाई पुलिस से गुहार मुझे मेरी बीबी से बचाओ

## पत्नी ने दी थी धमकी, 'टुकड़े कराकर नीले ड्रम में चिनवा दूंगी...'



**रामपुर।** पति ने रिश्तेदार से फोन पर बात करने को मना किया तो उसकी पत्नी ने पति को नीले ड्रम में चिनवाने की धमकी दे डाली। नीले ड्रम का खौफ युवक पर ऐसा छाया कि वह इन्साफ की गुहार लगाने पुलिस के पास पहुंच गया। पुलिस को उसने तहरीर देते हुए इन्साफ दिलाने की गुहार लगाई है। नीले ड्रम का खौफ लगातार बढ़ रहा है। नीले ड्रम के खौफ का यह मामला थाना शाहाबाद के भीतर गांव का है। गांव निवासी प्रेमपाल ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह पंद्रह साल पूर्व हुआ था। वैवाहिक जीवन के दौरान उसकी पत्नी ने दो पुत्र व एक पुत्री को जन्म दिया।

उनका वैवाहिक जीवन बहुत ही खूबसूरत तरीके से बीत रहा था। वह सब्जी बेचकर परिवार का पालन पोषण करता है। इस दौरान उसके साले का साढ़ू उसकी पत्नी के संपर्क में आ गया। दोनों के बीच लगातार बातचीत के कारण पत्नी आए दिन उसके साथ झगड़ा करने लगी तथा आत्महत्या की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। प्रेमपाल ने पत्नी को लाख समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। रविवार को झगड़े के दौरान पत्नी ने प्रेमपाल से कहा कि यदि वह उसके और उसके जीजा के बीच में आया तो वह आत्महत्या कर लेगी और अगर आत्महत्या नहीं की तो उसके टुकड़े करवाकर नीले ड्रम में चुनवा देगी।

इतनी बात सुनते ही प्रेमपाल के होश उड़ गए और वह बुरी तरह घबरा गया। जीते जी मौत का खौफनाक मंजर उसकी आंखों के सामने मंडराने लगा। वह मिलक कोतवाली पहुंचा और पुलिस को लिखित तहरीर देकर अपनी व्यथा सुनाई। प्रेमपाल ने पुलिस से इन्साफ की गुहार लगाते हुए साढ़ू के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं इंस्पेक्टर क्राइम राघवेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है जांच के बाद संवैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पोप फ्रांसिस के निधन पर पीएम मोदी ने दुख जताया

**पीएम मोदी ने दुख की इस घड़ी में कैथोलिक समुदाय के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। कांग्रेस , राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल ने भी पोप के निधन पर दुख जताया है।**



**नई दिल्ली।** ईसाईयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का सोमवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय पोप थे। लंबे समय से बीमार चल रहे पोप फ्रांसिस ने स्थानीय समयानुसार सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर अपनी आखिरी सांस ली। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोप फ्रांसिस के निधन पर गहरा दुख जताया है और इस घड़ी में कैथोलिक समुदाय के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, पोप फ्रांसिस के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। दुख और स्मरण की इस घड़ी में, वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। पोप फ्रांसिस को दुनिया भर के लाखों लोग हमेशा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद रखेंगे। कार्डिनल केविन फैरेल ने वेटिकन के टीवी चैनल पर पोप के निधन की घोषणा की।

# उत्तर प्रदेश में शुरू हुआ बेरहम गर्मी का कहर...

## लखनऊ में इस सीजन में पहली बार पारा 40 पार, अभी और बढ़ेगा तापमान

**यूपी में गर्मी का कहर शुरू हो गया है। सोमवार को कई शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्शियस पार कर गया। मौसम विभाग ने अगले चार से पांच दिनों में तापमान के और बढ़ने की भविष्यवाणी की है।**




| जिला | तापमान |
|---|---|
| प्रयागराज | 44 डिग्री |
| वाराणसी | 43 डिग्री |
| झांसी | 42.2 डिग्री |
| आगरा | 42.2 डिग्री |
| लखनऊ | 41 डिग्री |

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी का कहर शुरू हो गया है। सोमवार को बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को परेशान किया। सोमवार को लखनऊ, हमीरपुर, प्रयागराज, आगरा, बांदा,उरई आदि में अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। लखनऊ में इस सीजन में पहली बार पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा। शहर में दोपहर 2:30 बजे पारा 41 डिग्री सेल्सियस पर पहुच गया। वहीं, कई जिलों में सोमवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा और सीजन में पहली बार वहां पारा 40 डिग्री सेल्सियस के सूचकांक तक पहुंचा।

मौसम विभाग का कहना है अगले चार-पांच दिनों तक उत्तर प्रदेश में यूं ही गर्मी की मार जारी रहने वाली है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अनुमान है। वहीं, बुंदेलखंड और दक्षिण के कुछ जिलों के लू की चपेट में आने के संकेत हैं। मंगलवार को झांसी व कुछ अन्य जिलों में तापमान के 45 डिग्री तक पहुंच जाने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक 21 से 26 अप्रैल तक मौसम के शुष्क और साफ रहने की संभावना है। 22 से 24 अप्रैल तक कहीं-कहीं उष्ण लहर ( लू) चलने का पूवार्नुमान है। आगरा में बढ़ते तापमान और हीट वेव को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर कक्षा 8वीं तक के सभी स्कूलों का समय बदल कर सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया है।

**NAME CHANGED**

I Deepak S/0 Shri Suresh Chand Sharma resident of D-606, KDP Grand Savanna, Rajnagar Extension, Ghaziabad, Uttar Pradesh have Changed my name from Deepak to Deepak Sharma Hence forth I would be known by the name of Deepak Sharma for all future purposes.

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं अपने चचेरे भाई उमेश (प्रिन्स) पाण्डेय पुत्र श्री सुभाष पाण्डेय निवासी ग्राम नरार पो० निभापुर जिला जोनपुर उ०प्र० के कृत्यों से तंग व परेशान होकर अपने परिवार सहित अपने समस्त रिश्ते नाते समाप्त कर दिये है तथा अपने चचेरे भाई प्रिन्स पाण्डेय को उसके परिवार सहित अपने से अपनी समस्त परिचित व किसी लेन देन से बेदखल कर दिया है। अब भविष्य में प्रिन्स पाण्डेय परिवार सहित किये गये किसी भी प्रकार के लेन देन या व्यवहार अथवा कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज से मेरा व मेरे परिवार अब कोई उत्तरदायित्व नही होगा।
रमेश कुमार पाण्डेय पुत्र श्री राजमणी पाण्डेय
निवासी एच 505, ओरा चमेरा राजनगर
एक्स०गाजियाबाद-201017
मो0नं0-9711913100

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 • नई दिल्ली। मंगलवार 22 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# न्यायमूर्ति मदनपाल सिंह का पार्षद प्रवीण चौधरी के आवास पर हुआ स्वागत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बचपन के मित्र जब मिलते हैं तो अपार हर्ष होता है और जीवन के वर्ष में जब मित्र की तरक्की होती है तो सबसे ज्यादा हर्ष ही मित्र को होता है। मित्रता की कहानी गाजियाबाद के निगम वाले गलियारे से लेकर हाईकोर्ट तक गूंज रही है। यहां केवल मित्रता है और मित्र की खुशी को, मित्र की सफलता को, मित्र की तरक्की को, मित्र ने साझा किया है। दरअसल राजनगर के सैक्टर-9 क्षेत्र के भवन संख्या-302 में न्यायमूर्ति मदनपाल सिंह रहते हैं। इस क्षेत्र से नगर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष और पेशे से अधिवक्ता प्रवीण चौधरी पार्षद हैं।

न्यायमूर्ति मदनपाल सिंह और निगम पार्षद प्रवीण चौधरी बचपन के मित्र हैं। दोनों तब से एक-दूसरे के मित्र हैं जब दोनों को ही ये इल्म भी नहीं था कि एक दिन वो कानून के क्षेत्र में जाएंगे, लेकिन मित्रता अनमोल रिश्ता है और इसकी मिसाल भी प्रवीण चौधरी ने पेश की। जब उनके मित्र मदनपाल सिंह न्यायमूर्ति बनने के बाद राजनगर स्थित अपने आवास पर आए तो यहां पूर्व डिप्टी मेयर और वर्तमान निगम पार्षद प्रवीण चौधरी आरडब्ल्यूए अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारियों के साथ उनका स्वागत करना पहुंचे। ये मित्र की खुशी थी।

इस खुशी को साझा करते हुए निगम पार्षद प्रवीण चौधरी ने करंट क्राइम से बताया कि मदनपाल सिंह और वह दोनों बचपन के मित्र हैं और जब मित्र को मिलॉर्ड की उपाधि मिली है तो वार्ड की खुशी भी बनती है। उन्होंने बताया कि मदनपाल सिंह इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति बनाए जाने से पहले बिजनौर में जिला जज के पद पर तैनात थे। उन्हें 18 तारीख को राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू के आदेश से तथा कोलेजियम सिस्टम के नियम से इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायूर्ति नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जस्टिस मदनपाल सिंह सोमवार को अपने राजनगर स्थित आवास पर आए थे और इस मौके पर उनका स्वागत किया गया।

## क्षेत्रवासियों ने कहा, यह है हमारे लिए गर्व का माहौल



### राजनगर आरडब्ल्यूए और सहकारिता चेयरमैन ने किया स्वागत

(करंट क्राइम)। राजनगर में जब इलाहाबाद के न्यायमूर्ति मदनपाल सिंह अपने घर पर आए तो यहां उनका स्वागत करने के लिये राजनगर आरडब्ल्यूए और के पदाधिकारी पहुंचे वहीं क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेंद्र सारस्वत ने भी स्वागत किया। राजनगर आरडब्ल्यूए की तरफ से आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डीके गोयल, आरडब्ल्यूए महिला विंग की अध्यक्ष सिमरन रंधावा, दीपककांत गुप्ता तथा प्रभाकर त्यागी ने स्वागत किया। वहीं सहकारिता क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेंद्र सारस्वत ने भी न्यायमूर्ति मदनपाल सिंह का स्वागत किया।

### शपथ ग्रहण समारोह में प्रवीण चौधरी को मिला था खास स्थान

(करंट क्राइम)। ये दोस्ती का रिश्ता है और ये सभी रिश्तों पर भारी होता है। जस्टिस मदनपाल सिंह और अधिवक्ता तथा निगम पार्षद प्रवीण चौधरी अभिन्न मित्र हैं। स्वागत समारोह में प्रवीण चौधरी मौजूद रहे और उन्होंने बताया कि मित्र की तरक्की से वो बेहद खुश हैं और जब उन्हें न्यायमूर्ति नियुक्त किया गया तो उनके शपथ ग्रहण समारोह में प्रवीण चौधरी विशेष रूप से पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि यही सम्मान मेरे लिये सर्वोपरि है कि शपथ ग्रहण समारोह में परिवार के चार व्यक्ति आमंत्रित थे और इन चार में मेरा भी नाम था। परिवार के अलावा एकमात्र व्यक्ति प्रवीण चौधरी थे जिन्हें यहां आमंत्रित किया गया था।

# अब थानों के प्रभारी और एसीपी भी शुक्रवार को लाइन में लगाएंगे दौड़

## अलग-अलग अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नर का रहेगा मीटिंगों का दौर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अब पुलिस के अलग-अलग स्तर के अधिकारियों और अलग-अलग जोन वालों को पुलिस कमिश्नर के साथ बैठक करनी होगी। इसके लिए सिटी जोन से लेकर देहात और ट्रांस हिंडन का प्लान तैयार कर लिया गया है। मंगलवार को एक जोन के अधिकारी मिलेंगे, तो बुधवार को दूसरे और शुक्र को तीसरे शनिवार को कमिश्नरेट के ट्रैफिक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठकें सुनिश्चित होगी। इन बैठकों में जो टास्क दिए जाएंगे, वह अधिकारियों को पूरे करने होंगे। साथ ही अब पुलिस लाइन में प्रत्येक शुक्रवार को अलग-अलग जोन के थाना प्रभारियों और उनके एसीपी स्तर के अधिकारियों को भी हर हाल में शामिल होना होगा।

## प्रत्येक मंगलवार और तीसरे शानिवार को होंगी खास बैठकें



### शुक्रवार को थाना प्रभारी और एसीपी लगाएंगे दौड़

**करंट क्राइम :** पुलिसकर्मियों की फिटनेस पर ध्यान देने और उनको अप टू डेट रखने के लिए अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में प्रत्येक शुक्रवार को सुबह लाइन में अलग-अलग जोन और अलग-अलग स्तर के अधिकारियों को दौड़ में शामिल होना होगा। शुक्रवार को जहां थाना प्रभारियों को उनके एसीपी के साथ दौड़ लगानी पड़ सकती है। तो आने वाले दिनों में कई और ड्रिल भी पुलिस लाइन के मैदान में आयोजित की जाएगी।

### जल्द पुलिस लाइन में होगी दंगा नियंत्रण रिहर्सल

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाली पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण वाली ड्रिल कराई जाएगी। इसमें महिला पुलिसकर्मियों से लेकर, पुलिस लाइन में तैनात रहने वाले पुलिसकर्मियों से लेकर थाने और डीसीपी, एसीपी के साथ चलने वाले पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया जाएगा। साथ ही इस ड्रिल के जरिए उनकी दक्षता और अधिकारियों के बचाव को लेकर उनकी क्या तकनीक है, इसका भी निरीक्षण किया जाएगा।




### हर मंगलवार को होगी अधिकारियों की पुलिस कमिश्नर संग मीटिंग

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हर मंगलवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग जोन वाले अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नर की अपराध नियंत्रण से लेकर विवेचनाओं के क्रम में मीटिंग होगी। उसमें दिए जाने वाले दिशा निर्देशों को सभी स्तर के अधिकारियों को पालन करना होगा। साथ ही उनकी पूरी मॉनिटरिंग भी सप्ताहवार की जाएगी।

# करंट कॉमिक

# भाजपा गॉट टैलेंट

Episode 2

दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

कॉन्सेप्ट
दीपक भाटी

भाजपा के गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष उर्फ भगवा योद्धा मयंक गोयल की घोषणा हो चुकी है। अब उनकी टीम में शामिल होने के लिए कई चेहरे आतुर है। एक अनार सौ से ज्यादा बीमार नजर आ रहे हैं। पार्टी के विभिन्न आयामों के माध्यम से सभी अपना हुनर दिखा रहे हैं। प्रतिभा के इसी प्रदर्शन का एक प्लेटफॉर्म दैनिक करंट क्राइम भी लाया है। जहां भगवा योद्धा और उनके जजों के पैनल के सामने 5 भगवा पार्टिसिपेंट अपने टैलेंट दिखायेंगे। इस सीजन में जो जजों को लुभा लेगा। वो भगवा योद्धा की टीम में स्थान बना लेगा। ये पूरा एपिसोड दैनिक करंट क्राइम की परिकल्पना पर आधारित होगा। जिसका दिए गए किरदार और उनके द्वारा बोले गये शब्दों से कोई इत्तेफाक नहीं होगा। मनोरंजन के माध्यम से आने वाली टीम के संकेत भाजपा गॉट टैलेंट के माध्यम से दिये जायेंगे। धन्यवाद

दीपक भाटी
समाचार संपादक




कहानी आने वाले समय में और भी रोचक होगी। इसलिए पढ़ते रहिए अपना पसंदीदा नंबर वन अखबार दैनिक करंट क्राइम। पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त....!

नोट : दैनिक करंट कॉमिक की ये सीरीज पूरी तरह से हमारी कल्पना पर आधारित है। पोलिटिकल किरदारों के साथ लिए गए शब्द हमारी काल्पनिकता के आधार पर लिखे गए हैं।

कला पक्ष : नरेश शर्मा

जारी है....

## संपादकीय

# अनुकूल परिदृश्य

वर्ष 2024 में मॉनसून का मौसम अनुकूल रहा था और दीर्घावधि के औसत की तुलना में 7.6 फीसदी अधिक वृद्धि देखने को मिली थी। भारतीय मौसम विभाग ने अपने मॉनसून संबंधी पूवार्नुमान में इस बार फिर अच्छी बारिश का अनुमान प्रस्तुत किया है। उसका अनुमान है कि 2025 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून से होने वाली वर्षा सामान्य से करीब पांच फीसदी बेहतर रहेगी। भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र के ऊपर बने हालात तथा तटस्थ अल नीनो प्रभाव के बीच और ला नीना जैसी परिस्थितियां बनने के कारण अनुमान लगाया जा रहा है कि भारतीय उपमहाद्वीप के ऊपर मॉनसून का मजबूत प्रवाह निर्मित होगा। बहरहाल, मॉनसून का वितरण एकरूप होने की उम्मीद नहीं है। बिहार, तमिलनाडु तथा पूर्वोत्तर के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा होने की आशंका है। सिंचाई के रकबे में सुधार के बावजूद कृषि उत्पादन के लिए दक्षिण पश्चिम मॉनसून का बेहतर होना अहम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी किए गए सकल घरेलू उत्पाद के दूसरे अग्रिम अनुमानों के मुताबिक कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 2024-25 में 4.4 फीसदी की वृद्धि दर रह सकती है जबकि 2023-24 में वह 2.7 फीसदी थी। औसत से अधिक वर्षा होने के कारण इस वर्ष भी समग्र वृद्धि को बल मिलने की उम्मीद है। अच्छा मॉनसून रबी की फसलों के लिए भी बेहतर साबित होगा क्योंकि नमी बढ़ेगी और जलाशयों में अधिक पानी रहेगा।

गत वर्ष हुई अधिशेष बारिश के कारण 2024-25 के कृषि उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और गत वर्ष की तुलना में खरीफ तथा रबी का खाद्यान्न उत्पादन क्रमश: 7.9 फीसदी और 6 फीसदी बढ़ने का अनुमान है। इससे खाद्यान्न कीमतों को नियंत्रित रखने में भी मदद मिली। तथ्य तो यह भी है कि ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश की खुदरा मुद्रास्फीति की दर मार्च में 3.34 फीसदी रही जो फरवरी के 3.61 फीसदी से थोड़ी अधिक थी। यह अगस्त 2019 के बाद की सबसे निचली दर है।

इस बीच खाद्य मुद्रास्फीति की दर जिसने हेडलाइन मुद्रास्फीति दर को ऊंचे स्तर पर रखा था वह फरवरी के 3.75 फीसदी से कम होकर मार्च में 2.69 फीसदी रह गई। यह नवंबर 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर था। अच्छे मॉनसून से खाद्यान्न कीमतें नियंत्रित रहेंगी। इससे मौद्रिक नीति समिति के पास गुंजाइश बढ़ेगी। बहरहाल, वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ी हुई अनिश्चितता को भी ध्यान में रखना होगा। रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि मुद्रास्फीति की दर चालू वित्त वर्ष में औसतन चार फीसदी रहेगी।

मध्यम अवधि के नीतिगत नजरिये से देखें तो सामान्य से बेहतर बारिश का अनुमान होने के बावजूद जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से नजर नहीं हटानी चाहिए। अतिरंजित मौसम की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। 2024 में देश भर में 365 दिनों में 322 ऐसी घटनाएं घटीं। रिजर्व बैंक ने भी 2022-23 की अपनी करेंसी और फाइनैंस संबंधी रिपोर्ट में मॉनसून की अस्थिरता और जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में बातचीत की।

# अनंत नागेश्वरन बोले: हर साल 80 लाख नौकरियों की जरूरत विनिर्माण पर भी जोर



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कम से कम अगले 10 से 12 सालों तक हर साल 80 लाख नई नौकरियां पैदा करनी होंगी। साथ ही उन्होंने जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य की तैयारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कम से कम अगले 10 से 12 सालों तक हर साल 80 लाख नई नौकरियां पैदा करनी होंगी। इसके साथ ही देश की जीडीपी में विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र की हिस्सेदारी भी बढ़ानी होगी। बता दें कि नागेश्वरन कोलंबिया विश्वविद्यालय में आयोजित 'कोलंबिया इंडिया समिट 2025' में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम भारत की आर्थिक नीतियों और भविष्य को लेकर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स और टेक्नोलॉजी जैसी चुनौतियां अब सामने हैं, जो पहले विकसित देशों को नहीं झेलनी पड़ीं। उन्होंने कहा कि एआई जैसी तकनीकें एंट्री-लेवल नौकरियों को खत्म कर सकती हैं। ऐसे में हमें नीतियों में इस तरह का संतुलन लाना होगा, जिससे रोजगार भी बने और तकनीक का इस्तेमाल भी हो। उन्होंने बताया कि पहले भारत की जीडीपी में निर्यात का योगदान 40% तक था (2003-08), जो अब घटकर 20% से भी कम हो गया है, और आगे और गिर सकता है। इसलिए, सिर्फ निर्यात पर निर्भर रहकर विकास करना अब संभव नहीं होगा।

6.5% की सतत विकास दर ही असली रास्ता नागेश्वरन ने कहा कि कोविड के बाद भारत ने पिछले तीन सालों में औसतन 8% की विकास दर हासिल की है। हालांकि उन्होंने माना कि इस दर को बनाए रखना मुश्किल होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर भारत अगले 10-20 वर्षों तक 6.5% की सतत विकास दर बनाए रखे और कभी-कभी उसे 7% तक बढ़ा सके, तो यह एक व्यवहारिक रास्ता हो सकता है।

### आने वाले साल भारत के लिए कठिन

नागेश्वरन ने समिट में कहा कि आने वाले 10-20 साल भारत के लिए आसान नहीं होंगे। जैसा अनुकूल माहौल भारत को 1990 के बाद मिला था, वैसा अब नहीं मिलेगा। दुनिया की बदलती परिस्थितियां, तकनीकी बदलाव और वैश्विक संघर्ष आर्थिक विकास में बाधा बन सकते हैं।

### विनिर्माण और एमएसएमई पर जोर

नागेश्वरन ने कहा कि अगर भारत को वैश्विक विनिर्माण में मजबूत बनना है, तो लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) का विकास भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश बिना मजबूत एमएसएमई सेक्टर के मैन्युफैक्चरिंग महाशक्ति नहीं बन पाया। साथ ही उन्होंने कहा कि या तो हमें निवेश दर को बढ़ाना होगा या फिर मौजूदा निवेश से अधिकतम लाभ निकालना होगा, क्योंकि वैश्विक पूंजी प्रवाह पर भी अब संघर्षों का असर पड़ रहा है।

## एक लाख रुपये की दहलीज पर पहुंचा सोना


# कमजोर डॉलर और अमेरिका-चीन टैरिफ युद्ध के बीच और बढ़ी दमक

**नई दिल्ली।** एक लाख रुपये की दहलीज पर पहुंचा सोना, कमजोर डॉलर और अमेरिका-चीन टैरिफ युद्ध के बीच और बढ़ी दमक कमजोर डॉलर और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध को लेकर अनिश्चितताओं के कारण मांग बढ़ने से दिल्ली में सोमवार को सोने की कीमत 1,650 रुपये की तेजी के साथ एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु सोमवार को 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। शुक्रवार को इसका भाव 20 रुपये घटकर 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,600 रुपए उछलकर 99,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह मामूली गिरावट के साथ 97,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस वर्ष अब तक पीली धातु की कीमतें पिछले वर्ष 31 दिसंबर से 20,850 रुपये या 26.41 प्रतिशत प्रति 10 ग्राम बढ़ चुकी हैं। चांदी की कीमत भी 500 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।



## शेयर बाजार में सोमवार को मजबूत उछाल, सेंसेक्स 855 अंक चढ़ा, निफ्टी 24100 के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स 855.30 (1.09%) अंकों की बढ़त के साथ 79,408.50 के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 273.90(1.15%) अंक चढ़कर 24,125.55 पर पहुंच गया। बैंकिंग शेयरों तेजी से निफ्टी बैंक अपने नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी टैरिफ पर 90 दिन की पाबंदी के बाद बाजार का संभलना सोमवार को भी जारी रहा। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स 855.30 (1.09%) अंकों की बढ़त के साथ 79,408.50 के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 273.90(1.15%) अंक चढ़कर 24,125.55 पर पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजों के बाद बैंकिंग शेयरों में अच्छी तेजी दिखी। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर दो-दो फीसदी चढ़े। बैंकिंग शेयरों तेजी से निफ्टी बैंक अपने नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।



## गाड़ी पर दो से अधिक चालान, तो भरना होगा ज्यादा प्रीमियम, 20 फीसदी तक हो सकती है बढ़त

**नई दिल्ली।** नया वित्त वर्ष शुरू हो गया है। लोग सोच रहे हैं कि क्या इस बार उन्हें अधिक मोटर बीमा प्रीमियम का भुगतान करना होगा, यदि उनके पास पिछले वित्त वर्ष के दो से अधिक लंबित, भुगतान न किए गए चालान हैं। हालांकि, वर्तमान प्रस्ताव अभी तक लागू नहीं हुआ है और यह मसौदा चरण में है। पॉलिसी जारी होने के बाद चालान की स्थिति को ट्रैक करना व्यावहारिक और प्रणालीगत चुनौतियों का सामना करना होगा है। ऐसे में सड़क परिवहन मंत्रालय, राज्य यातायात विभाग और बीमा कंपनियों के बीच एक सुरक्षित और निरंतर डाटा को साझा करने वाले तंत्र की जरूरत है। हालांकि, इसे लागू करना आसान नहीं होगा, क्योंकि इसके लिए डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम के तहत कई गोपनीयता और अनुपालन चिंताओं को सुलझाना होगा।



### 20 फीसदी तक बढ़ सकता है प्रीमियम

प्रस्तावित नियम में ऐसा मॉडल है, जहां एक वित्त वर्ष में दो लंबित चालान पर बीमा प्रीमियम में 10 से 20 फीसदी तक की बढ़त हो सकती है।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पांच दिवसीय दौरे पर अमेरिका पहुंचीं, विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगी भाग

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपने पांच दिवसीय अमेरिकी दौरे पर रविवार को सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं, जहां उनका भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और महावाणिज्य दूत श्रीकर रेड्डी कोप्पुला ने स्वागत किया। अपनी यात्रा के दौरान सीतारमण विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी। अमेरिकी दौरे के बाद वह पेरू की अपनी पहली यात्रा करेंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 20 से 25 अप्रैल तक अमेरिका की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। वह रविवार (स्थानीय समयानुसार) को सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं, जहां अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत श्रीकर रेड्डी कोप्पुला ने उनका स्वागत किया। वित्त मंत्री अपने पांच दिवसीय दौरे के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर वित्त मंत्री के सैन फ्रांसिस्को पहुंचने की जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण का आज सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और वित्त सचिव अजय सेठ की उपस्थिति में सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. श्रीकर रेड्डी कोप्पुला द्वारा स्वागत किया गया।'



### सैन फ्रांसिस्को में दो दिवसीय प्रवास

वित्त मंत्री सीतारमण सैन फ्रांसिस्को में 20 अप्रैल से दो दिवसीय प्रवास के दौरान स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में विकसित भारत 2047 की नींव रखने पर एक भाषण देंगी। इसके बाद फायरसाइड चैट सत्र यानी अनौपचारिक वातार्लाप होगा। यहां सीतारमण निवेशकों के साथ एक गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड प्रबंधन फर्मों के शीर्ष सीईओ के साथ बातचीत करेंगी और शीर्ष सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) फर्मों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। सैन फ्रांसिस्को के भारतीय प्रवासियों के एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंसान की जीभ का घाव सबसे तेजी से ठीक होता है.
- 25. क्या आपको पता है कि, आपके शर्ट के बटन का आविष्कार भारत में ही हुआ था।
- मिनेसोटा राज्य जो की अमेरिका का एक राज्य हैं वहां एक रस्सी पर जेंट्स और लेडीज के अंडरगारमेंट्स सुखाना गैर कानूनी है, अगर यह कानून भारत में होता तो आधी से ज्यादा आबादी जेल होती।
- सबसे ज्यादा कार बनाने वाले देश में एक नंबर में हैं.
- बचपन में आपने पेंसिल से जरूर लिखा होगा लेकिन क्या आपको पता है आप एक औसत पेंसिल से लगभग 35 मील लंबी लाइन खींच सकते हैं, इसके साथ ही आप 50 हजार से भी ज्यादा शब्दों को लिख सकते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है.
- इंसान जिंदगी के लगभग 25 साल सोते हुए बिताता है.
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दाएं हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कंप्यूटर गेम्स और अन्य खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- ज्यादा अधिक सोचने वाले लोग डिप्रेस्ड रहते हैं, कम सोचिए.

## राशिफल

**मेष:** वाणी में मधुरता रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मिथुन:** वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धैर्यशीलता में भी वृद्धि होगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह:** मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या:** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार में बदलाव के अवसर भी मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा।

**तुला:** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**धनु:** धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। नौकरी में यात्रा पर जाना हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**मकर:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु फिर भी अपनी भावनाओं को वश में रखें। आलस्य अधिक हो सकता है। वस्त्रों एवं वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** मन में नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिल सकता है। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**मीन:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है, आय में वृद्धि भी होगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है।

## चुटकुले

पापा और 18 साल का बेटा एक होटल में गए,
पापा- वेटर एक बियर और एक आईसक्रीम लाओ,
बेटा- आईसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिये ना.
दे.. चप्पल.. पे.. चप्पल.

---

खाना पकाते समय पत्नी गुनगुनाकर रोमांटिक अंदाज में अपने पति से बोली...
अगर तुम मिल जाओ... जमाना छोड़ देंगे हम।
पति ने भी रोमांटिक अंदाज में बोला...अगर तुम जमाना छोड़ जाओ... दूसरी ढूंढ लेंगे हम।

---

मौंटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
शौंटी- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो।
मौंटी- क्यों?
शौंटी- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है।

---

ग्राहक- भाई, तुमने दाढ़ी बनाने के साथ मेरी चमड़ी भी छील दी।
नाई- चिंता मत कीजिए, मैं आपसे केवल दाढ़ी बनाने के ही पैसे लूंगा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुजरात के खिलाफ जीता टॉस, पहले गेंदबाजी का लिया फैसला

**कोलकाता ।** कोलकाता नाइट राइडर्स रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मोईन अली, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती। इम्पैक्ट **प्लेयर**: मनीष पांडे, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पोवेल, लवनिथ सिसोदिया, अनुकूल रॉय। गुजरात टाइटंस: शुभमन गिल, साई सुदर्शन, जोस बटलर, शेरफाने रदरफोर्ड, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, वॉशिंगटन सुंदर, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा। इम्पैक्ट प्लेयर: ईशांत शर्मा, महिपाल लोमरोर, अनुज रावत, करीम जनत, अरशद खान।



**कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। केकेआर ने इस मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए हैं। इस मैच के लिए रहमानुल्लाह गुरबाज और मोईन अली को मौका दिया गया है**

दूसरी तरफ, गुजरात टाइटंस की टीम है जिसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर शीर्ष में जगह बनाई थी। शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। दिल्ली के खिलाफ जोस बटलर ने दमदार बल्लेबाजी की थी। गुजरात की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही अच्छी रही थी। 2022 की चैंपियन टीम का पलड़ा केकेआर के खिलाफ भारी नजर आ रहा है। गुजरात की नजरें शीर्ष क्रम पर अपना दबदबा बरकरार रखने की होगी।

इस हार से केकेआर की टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर खिसक गई। उसने अब तक सात मैच खेले हैं और तीन जीते हैं तथा चार मुकाबले गंवाए हैं। केकेआर का मध्यक्रम संघर्ष कर रहा है जिससे उससे दिक्कतें हो रही हैं। रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह आशा के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। केकेआर को अगर प्लेऑफ की दौड़ में बने रहना है तो उसे बल्लेबाजी में सुधार करना होगा।

# विराट कोहली के जश्न मनाने के अंदाज से भड़के श्रेयस अय्यर

**मुल्लांपुर ।** विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी के दम पर रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को मुल्लांपुर में सात विकेट से हरा दिया। हालांकि, इस मैच में ऑनफील्ड एक विवाद भी देखने को मिला। जीत के बाद कोहली ने श्रेयस अय्यर के सामने उन्हें दिखाकर इस तरह से जश्न मनाया कि पंजाब के कप्तान उस पर भड़क गए। हाथ मिलाने के दौरान श्रेयस गुस्से में उनके पास पहुंचे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।



दरअसल, मैच खत्म होने के बाद कोहली पंजाब के कप्तान श्रेयस को अपने जश्न मनाने के अंदाज से चिढ़ाते दिखे थे। इस पर पॉइंट में खड़े श्रेयस कुछ कहते हुए कोहली की तरफ बढ़े। जब हैंडशेक के लिए दोनों एक दूसरे के करीब पहुंचे तो कोहली तब भी कुछ हंसते हुए कहते दिखे। इस पर ऐसा लगा कि श्रेयस आपत्ति जता रहे हैं। उनके चेहरे पर न तो हंसी थी और वह गंभीर मुद्रा में नजर आए। इससे साफ था कि वह कोहली के जश्न मनाने के अंदाज से खुश नहीं थे। दोनों के बीच गंभीर बातचीत हुई। हालांकि, कोहली तब भी मुस्कुराते हुए दिखे थे।

यह पहली बार नहीं है जब कोहली के जश्न मनाने के अंदाज ने किसी खिलाड़ी को नाराज किया हो। इससे पहले इसी मैच में पंजाब के नेहल वढेरा के रन आउट होने पर कोहली ने सेंड ऑफ जेस्चर बनाया था। रन चेज के दौरान कोहली ने हरप्रीत बराड़ की भी टांग खींचते दिखे थे। कोहली स्टंप माइक पर यह कहते हुए दिखे कि वह हरप्रीत के कोच को जानते हैं। नेहल ने आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में विनिंग रन बनाए थे, जबकि हरप्रीत के खिलाफ कोहली के आंकड़े अच्छे नहीं रहे हैं।

# सीएसके को लगातार हारते देख थक गए धोनी

**मुंबई ।** आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स का अब तक का सफर सही नहीं रहा है। टीम आठ में से छह मैच गंवा चुकी है। रविवार को उसे मुंबई इंडियंस के खिलाफ नौ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर है। हार के बाद कप्तान एमएस धोनी ने अगले साल की तैयारी को लेकर बात छेड़ दी। उन्होंने कहा कि अगर इस साल कुछ नहीं हो रहा तो ध्यान अगले साल के लिए सही प्लेइंग-11 ढूंढने पर होना चाहिए। वहीं, मुंबई के कप्तान हार्दिक ने कहा कि वे सरल क्रिकेट खेलने और अपनी रणनीति को कार्यान्वियत करने पर ध्यान लगा रहे हैं।



धोनी ने मैच के बाद कहा, 'हम अच्छा स्कोर बनाने से काफी पीछे थे और हमें पता था कि बाद में ओस पड़ने वाली है। हमें थोड़ा जल्दी आक्रमण शुरू करना चाहिए था क्योंकि बाद में बुमराह को भी आना था जो अंतिम ओवर में गेंदबाजी करने वाले दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। 175 का स्कोर काफी कम था और पहले छह ओवर में ज्यादा रन देने के बाद वापसी करना मुश्किल होता है। हमें यह सोचना है कि हम कहां गलती कर रहे हैं। हमें हर मैच जीतना है, लेकिन हम हर मैच को एक मैच के तौर पर लेंगे। हमें यह सोचना होगा कि हम इतनी सफल टीम क्यों रहे हैं क्योंकि हमने अच्छा क्रिकेट खेला है, लेकिन इस समय हमें भावुक भी नहीं होना है।' धोनी ने कहा, 'उदाहरण के तौर पर साल 2020 हमारे लिए बहुत अच्छा नहीं रहा था, लेकिन हमें यह देखने की जरूरत है कि क्या हम सही क्रिकेट खेल रहे हैं? क्या हम खुद को पूरी तरह उसमें ढाल पा रहे हैं? ये कुछ सवाल हैं जो इस सीजन भी हम ढूंढ रहे हैं। कैच पकड़ने से टीम को मदद मिलेगी। हम आने वाले मैचों में सिर्फ खामियों को दूर करने की कोशिश करेंगे। हम एक बार में सिर्फ एक मैच के बारे में सोचेंगे।

# आरसीबी से मिली हार को नहीं पचा पा रहे पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग

**मुल्लापुंर ।** हार से स्तब्ध पोंटिंग ने कहा कि पिच 157 के स्कोर से कहीं बेहतर थी और उनके बल्लेबाजों ने निराश किया।

पंजाब के लिए सबसे ज्यादा रन प्रभसिमरन सिंह ने बनाए। उन्होंने 33 रन बनाए, जबकि शशांक सिंह 31 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चला लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने नाबाद 73, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 61 रन का योगदान दिया जिससे आरसीबी ने सात गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। पोंटिंग ने मैच के बाद दिया बयान पोंटिंग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि विकेट 157 रन से कहीं बेहतर थी। हमारे कई बल्लेबाजों ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन बड़े स्कोर नहीं बनाए और टी20 क्रिकेट में यही महत्वपूर्ण है। खासतौर पर शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से और यही मैच में दोनों टीमों के बीच अंतर बना।' पोंटिंग ने अपनी टीम को कोहली से सीख लेने को कहा कि उन्होंने अच्छी शुरूआत का कैसे फायदा उठाया।



**आईपीएल 2025 में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को करारी शिकस्त दी। इस हार को पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग पचा नहीं पा रहे हैं। इस मुकाबले से ठीक पहले पंजाब ने बेंगलुरु को उनके घर में हराया था, लेकिन अपने घर में पंजाब को हरा का सामना करना पड़ा**

उन्होंने कहा, 'विराट शुरू से आखिर तक टिके रहे। अपनी टीम को जीत दिलाई और हम अच्छी शुरूआत का फायदा उठाने में सक्षम नहीं थे। मुझे लगता है कि पावरप्ले के अंत में हम एक विकेट पर 62 रन बना चुके थे जो कि खेल का लगभग वही स्कोर था जिसकी आप उम्मीद करते हैं।' पोंटिंग ने कहा, 'तो आपकी नजरें सीधे 180 रन से अधिक के स्कोर पर थी, यहां तक कि अगर आपका मध्य क्रम अच्छी बल्लेबाजी करता है, तो 200 तक भी पहुंच सकता है, लेकिन हमने फिर से ढेरों विकेट गंवाए जो कि टूर्नामेंट में पहली बार नहीं हुआ है।' पोंटिंग ने आरसीबी के स्पिनरों सुयश शर्मा और क्रुणाल पांड्या की तारीफ की और यह भी महसूस किया।

# हार भुलाकर वापसी करना चाहेगी केकेआर शीर्ष पर दबदबा बरकरार रखने उतरेगा गुजरात

**कोलकाता ।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पिछली हार को भुलाकर गुजरात टाइटंस के खिलाफ वापसी करना चाहेगी। आईपीएल 2025 के 39वें मुकाबले में केकेआर और गुजरात का सामना होगा। अजिंक्य रहाणे की अगुआई वाली केकेआर को पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ हार मिली थी। टीम 112 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी थी।



**मध्यक्रम को करना होगा सुधार**

इस हार से केकेआर की टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर खिसक गई। उसने अब तक सात मैच खेले हैं और तीन जीते हैं तथा चार मुकाबले गंवाए हैं। केकेआर का मध्यक्रम संघर्ष कर रहा है जिससे उससे दिक्कतें हो रही हैं। रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह आशा के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। केकेआर को अगर प्लेऑफ की दौड़ में बने रहना है तो उसे बल्लेबाजी में सुधार करना होगा।

**गुजरात का पलड़ा भारी :** दूसरी तरफ, गुजरात टाइटंस की टीम है जिसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर शीर्ष में जगह बनाई थी। शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। दिल्ली के खिलाफ जोस बटलर ने दमदार बल्लेबाजी की थी।

# श्रेयस अय्यर की एंट्री ऋषभ पंत को प्रमोशन




**नई दिल्ली ।** बीसीसीआई ने अपने एनुअल सेन्ट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दिया है। ऋषभ पंत को प्रमोशन मिला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके आर अश्विन की छुट्टी हो गई है जो स्वाभाविक ही थी। पिछली बार डोमेस्टिक नहीं खेलने की वजह से लिस्ट से बाहर रहे श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को एंट्री मिली है। कुछ पुराने चेहरे कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर हो चुके हैं तो कई नए चेहरों को एंट्री मिली है। आइए देखते हैं पिछले साल की लिस्ट से तुलना करते हुए अहम बदलावों का पूरा लेखा-जोखा। ग्रेड ए+ में कोई बदलाव नहीं टॉप खिलाड़ियों की ग्रेड अ+ लिस्ट में कोई बदलाव नहीं है। पिछली बार जो 4 खिलाड़ी इसमें शामिल थे, वही इस बार भी हैं। ये हैं- रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा।

# आईपीएल में हार के बाद भी पार्टी, चुभता है, ग्लेन मैक्सवेल

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2025 में विदेशी खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन पर वीरेंद्र सहवाग का गुस्सा फूटा है। सहवाग ने कुछ खिलाड़ियों का नाम लेते हुए उन्हें जमकर सुनाया है। सहवाग ने यहां तक कह डाला कि यह खिलाड़ी बस भारत में छुट्टियां बिताने के लिए आते हैं। यह मैच हारने के बाद भी पार्टी मांगते हैं और फ्रेंचाइजी के भारतीय खिलाड़ियों को यह बात चुभती है। भारत के पूर्व आक्रामक बल्लेबाज ने कहाकि मुझे तो लगता है कि मैक्सवेल और लिविंगस्टन की भूख मिट चुकी है। यह लोग यहां पर हॉलीडे मनाने आते हैं और हॉलीडे मनाकर चले जाते हैं। वीरू ने आगे कहाकि इन्हें टीम के साथ लगाव भी नहीं है। इनके अंदर वह लगन नहीं है कि मुझे टीम को जिताना है। टीम को ट्रॉफी जिताने के लिए मुझे कांट्रीब्यूट करना है।



वीरेंद्र सहवाग ने कहाकि मैंने बहुत सारे विदेशी खिलाड़ियों के साथ टाइम बिताया है। क्रिकबज के कार्यक्रम में बोलते हुए सहवाग ने कहाकि उनमें से एक या दो ही मुझे लगे, जिनके अंदर यह था कि नहीं यार मुझे जीतना है। उन्होंने कहाकि मैक्सवेल और लिविंगस्टन में यह बात मुझे नजर नहीं आई।

# राजस्थान रॉयल्स को लगा झटका, आरसीबी के खिलाफ मैच से भी बाहर रहेंगे संजू सैमसन

**जयपुर ।** राजस्थान रॉयल्स के नियमित कप्तान संजू सैमसन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले से भी बाहर रहेंगे। राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को इसकी पुष्टि कर दी है। सैमसन को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी और वह तब से इससे उबर रहे हैं। सैमसन शनिवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ खेले गए मैच में भी नहीं खेल सके थे।

**रियान पराग करते रहेंगे कप्तानी** :राजस्थान के लिए चिंता की बात यह है कि फ्रेंचाइजी के मेडिकल स्टाफ ने सैमसन की वापसी कब तक होगी इसका जवाब नहीं दिया है। सैमसन की अनुपस्थिति में रियान पराग टीम की कमान संभालते रहेंगे। रियान ने टूनार्मेंट के शुरूआती तीन मैचों में भी राजस्थान की कप्तानी की थी क्योंकि सैमसन सिर्फ पूर्ण बल्लेबाज के तौर पर खेल रहे थे और विकेटकीपिंग का जिम्मा नहीं संभाल रहे थे। सैमसन तीनों मैचों में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे और उन्होंने टीम के चौथे मैच से कप्तानी की थी।



राजस्थान ने बयान जारी कर कहा, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन फिलहाल चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और वह राजस्थान रॉयल्स मेडिकल स्टाफ के साथ टीम के होम बेस पर ही रहेंगे। रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया के अंतर्गत वह आरसीबी के खिलाफ आगामी मैच के लिए बेंगलुरु नहीं जाएंगे। टीम प्रबंधन उनकी प्रगति पर बारीकी से नजर रख रहा है और उनकी वापसी के लिए मैच दर मैच का दृष्टिकोण अपनाएगा।

## जुरेल करेंगे विकेटकीपिंग

सैमसन की अनुपस्थिति में ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग का जिम्मा संभालेंगे। अब तक खेले गए सात मैच में सैमसन ने एक अर्धशतक से 224 रन बनाए हैं। रियान के नेतृत्व में, रॉयल्स ने चार में से तीन मैच गंवाए और केवल चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत हासिल की। राजस्थान रॉयल्स फिलहाल आठ मैच में छह हार के साथ अंक तालिका में आठवें नंबर पर है।

# केंद्रीय अनुबंध में ईशान और श्रेयस की वापसी, पंत को फायदा

**मुंबई ।** बीसीसीआई ने साल 2024-2025 के लिए खिलाड़ियों के वार्षिक अनुबंध की सूची का एलान कर दिया है। इस लिस्ट में कुल 34 खिलाड़ी हैं। चार खिलाड़ियों को ए+ ग्रेड में रखा गया है। वहीं, छह खिलाड़ियों को ए ग्रेड में रखा गया है। पांच खिलाड़ी बी ग्रेड और 19 खिलाड़ी सी ग्रेड में हैं। नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा, अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती को पहली बार बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध में जगह मिली है। इन सभी को ग्रेड-सी में रखा गया है। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को फायदा हुआ है। वह ग्रेड-बी से ग्रेड- ए में प्रमोट किए गए हैं। इस केंद्रीय अनुबंध की सबसे बड़ी खबर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर की इस सूची मे वापसी है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध की ए+ श्रेणी में बरकरार रखा गया।



ईशान और श्रेयस को बीसीसीआई से अनबन के बाद 2023-24 के केंद्रीय अनुबंध की सूची से बाहर होना पड़ा था। बीसीसीआई के कहने के बावजूद ईशान और श्रेयस ने घरेलू टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, अब इन दोनों की वापसी हो गई है। ईशान को ग्रेड-सी और श्रेयस को ग्रेड-बी में रखा गया है। रोहित, विराट और जडेजा टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन इन्हें ग्रेड-ए+ में बरकरार रखा गया है। यानी ये तीनों आगे कुछ समय तक बीसीसीआई के प्लान में होंगे। यह अनुबंध एक अक्तूबर 2024 से लेकर 30 सितंबर 2025 तक के लिए है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद अश्विन को इस सूची से बाहर कर दिया गया है।

बीसीसीआई ए+ ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को सालाना सात करोड़ रुपये देता है, जबकि ए ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को पांच करोड़ और बी ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को तीन करोड़ और सी ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये देता है। बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध की सूची में उन्हीं खिलाड़ियों को जगह मिलती है जो एक साल के अंदर कम से कम तीन टेस्ट, आठ वनडे या 10 टी20 मैच जरूर खेले हों।

वरुण चक्रवर्ती ने 18 अंतरराष्ट्रीय मैच (चार वनडे और 12 टी20) खेले हैं और ग्रेड सी के लिए क्वालिफाई किया है। इतने मैच खेल चुका खिलाड़ी अपने आप ग्रेड-सी में शामिल होने के लिए उपयुक्त होगा।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जैसे विषयों पर महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : मयंक गोयल

## एचएलएम कॉलेज में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर महिला सम्मेलन आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित एचएलएम कॉलेज में विभिन्न एनजीओ और समाजसेवी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से एक भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया किशोर रहाटकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। साथ में मंचासिन अतिथि महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, क्षेत्रीय अध्यक्ष वर्षा, महापौर सुनीता दयाल, विधायक मंजू सिवाच, डॉक्टर अर्चना मजूमदार विधायक नन्द किशोर गुर्जर, क्षेत्रीय मंत्री कविता सिरोही,आरती मिश्रा, समन्वयक सरदार एसपी सिंह आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एचएलएम ग्रुप ऑफ इंटीट्यूशन की एमडी तन्वी मिगलानी ने की। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने स्वागत उद्बोधन में कहा, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जैसे विषयों पर समाज के सभी वर्गों को जागरूक करना समय की आवश्यकता है, और महिलाओं की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस सम्मेलन के माध्यम से हम समाज में एक सकारात्मक विमर्श को जन्म दे रहे हैं। मयंक गोयल ने इस आयोजन के प्रभाव को और बढ़ाने के लिए मंच शत प्रतिशत महिला शक्ति को ही सुपुर्द रखा। मंच पर भी मातृशक्ति का सम्मान दृष्टिगोचर हुआ। वर्षा कौशिक ने अपनी ओर से प्रस्तावना रखते हुए कहा हम एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा का पूर्ण समर्थन करते हुए यह प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं, जिसका उद्देश्य भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। इस पहल के अंतर्गत लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित किए जाने का प्रावधान है, जिससे न केवल समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि प्रशासनिक खर्चों में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। राष्ट्रहित के ऐसे प्रयासों में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइए, हम सब मिलकर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को जन-आंदोलन बनाएं और भारत को एक नई दिशा दें। मुख्य अतिथि का स्वागत क्षेत्रीय मंत्री कविता सिरोही ने किया। प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सुचित्रा कक्कड़ ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उदीता त्यागी एवं भक्ति सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक सविता त्यागी एवं पिंकी चौधरी, तथा सह-संयोजक वर्षा हजेला एवं किरन सिंह रहीं। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें रनिता सिंह , मोनिका पण्डिता, अनीता शर्मा, रेनू चंदेला, पूनम सिंह, प्रीति चंद्रा, पूनम कौशिक, रिचा भदौरिया, दीप्ति अरोड़ा, लवली कौर, दीप्ति चौहान, प्रमिला चौधरी, पूनम चौधरी, अमृता सिंह, रजनी तोमर, निशी चौहान, शिरोमणि त्यागी, पायल खत्री, बिन्दु त्यागी, गीता चौधरी, सुषमा गौड़, भारती अग्रवाल, नीलम सिंह एवं पूनम गुप्ता , सिद्धि प्रधान, प्रियंका पांडे, शैली सेठी सहित मीडिया समन्वयक प्रदीप चौधरी मौजूद रहे। यह सम्मेलन एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रति समाज को जागरूक करने की दिशा में एक सशक्त पहल साबित हुआ।

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' समय और संसाधनों की बचत करेगा : महापौर सुनीता दयाल

**करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने कहा मैं इस महिला सम्मेलन में उपस्थित सभी जागरूक और सशक्त महिलाओं का अभिनंदन करती हूं। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' न केवल समय और संसाधनों की बचत करेगा, बल्कि यह हमारे लोकतांत्रिक तंत्र को और अधिक मजबूत बनाएगा। इससे प्रशासनिक कार्यों में बाधाएं कम होंगी और विकास कार्यों की गति बढ़ेगी। महिलाओं को इस विषय में जागरूक रहना होगा क्योंकि यह एक ऐसा कदम है जो आने वाली पीढ़ियों को स्थायित्व और पारदर्शिता देगा।

### भारतीय लोकतंत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव की शुरुआत : डॉ. मंजू सिवाच

**करंट क्राइम।** विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच ने कहा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार भारतीय लोकतंत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। इससे बार-बार होने वाले चुनावों में लगने वाले खर्च में भारी कटौती होगी और सरकारें पूरे कार्यकाल में स्थिरता के साथ कार्य कर सकेंगी। महिलाएं, जो सामाजिक और राजनीतिक बदलाव की वाहक रही हैं, उन्हें इस मुहिम का समर्थन करना चाहिए। मैं इस विचार के पूर्ण समर्थन में हूं और सभी से आग्रह करती हूं कि वे इसकी जानकारी और महत्व को समाज तक पहुंचाएं।

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' एकता को मजबूती देगा : विधायक नन्द किशोर गुर्जर

**करंट क्राइम।** विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा हमारा राष्ट्र एकता का प्रतीक है और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' इस एकता को और मजबूती देगा। इससे न केवल देशभर में विकास कार्यों की गति बढ़ेगी, बल्कि सरकारी मशीनरी भी चुनावी व्यस्तताओं से मुक्त होकर जनसेवा पर ध्यान केंद्रित कर सकेगी। इस सम्मेलन में महिलाओं की भागीदारी यह दिखाती है कि देश की मातृशक्ति इस महत्वपूर्ण बदलाव के लिए सजग और सक्रिय है। हम सब मिलकर इस मुहिम को सफल बनाएंगे।




### जीती है कल्याणी, पर फीलिंग ले रही है वो फलानी

किस्सा फूल वालों के मोहल्ले में गूंज रहा है और चर्चे दूसरे मोहल्ले में सुनाई दे रहे हैं। फूल वाले ही बता रहे हैं कि अभी तक तो ये सुना था कि मैडम अगर पार्षद बन गईं तो पार्षद पति नामक पद अपने आप ईजाद हो जाता था, लेकिन यहां तो कहानी ही दूसरी चल रही है। यहां ना कल्याणी दिखाई दे रही है और ना ही पति दिख रहे हैं, मगर यहां तो विकास की गारंटी ही वो ले रहे हैं जो ना तो रिश्तेदारी में हैं, ना परिवार में हैं, लेकिन वो इन दिनों पूरी बहार में हैं। मोहल्ले वाले बता रहे हैं कि फलानी मैडम ने तो घर-घर जाकर पूछ लिया कि वार्ड का कोई काम हो तो हमें बताना, हम कराएंगे। सुना है कि पार्क वाले चौहान भी यहीं पर पूरा फोकस करते हैं। कोई काम बता दे तो वो भी पूरी ताकत से लगते हैं। दूसरे मोहल्ले वाले पूछ रहे हैं कि हमें तो ये समझ में नहीं आ रहा कि जब इन दोनों एक्स को ही विकास कराना था तो फिर यहां क्यों चुनाव कराया और क्यों कल्याणी को जिताना था।

### वो सबके उठा रहे हैं, मगर बात बनेगी नहीं

किस्सा निगम वाले गलियारे में गूंज रहा है और किस्से में एक ऐसे मेंबर हैं जो दोनों हाथों के अलावा दोनों जेबों में भी लड्डू लेना चाहते हैं। सुना है कि वो सबके होना चाहते हैं और इस चक्कर में उनका कोई नहीं हो रहा है। दरअसल मेंबर साहब को लगता है कि फील्डिंग ऐसी होनी चाहिए कि कोई घर छूट ना जाए, लेकिन फूल वाले भी कम नहीं हैं और वो भी इधर मुलाकात होते ही। उधर, खबर कर देते हैं कि मेंबर साहब तो अभी मिलकर गए हैं। पता चला है कि मुलाकातों का ये पूरा चेहरा बड़ी मैडम के पास भी पहुंच गया है और अब सीन ये होने वाला है कि वो सबके उठा रहे थे, लेकिन फिर किसी के भी नहीं उठ पाए।

### जब दरोगा का फोन आया और पार्षद चाय से घबराया

निगम वालों की पुलिस वालों से पटरी नहीं बैठ रही थी। पहले ठेली वाले से आधी रात को विवाद हुआ और बड़ी मैडम कहती रह गईं और पुलिस वाले साहब ने पार्षद को जेल भेज दिया। आरपार की लड़ाई का ऐलान हुआ और अभी ये मामला चल ही रहा था कि बड़े साहब की कार पैठ बाजार में फंस गई। साहब कुपित हो गए और कहा- कल से सारे पैठ बाजार बंद। वो तो भला हो चीफ साहब का जो वो आ गए और पुलिस वाले साहब को बता गये कि सड़क निगम की है और हम तय करेंगे, पैठ बाजार कहां लगेगा। अब गुलशन में नई बहार आई है और पुराने वाले साहब चले गए हैं। पुराने वाले पानी नहीं पूछते थे और नए वाले चाय-बिस्कुट भी खिला रहे हैं। अब जिन्हें पुराना अनुभव है वो तो उसी लहजे से सोचेंगे। सुना है कि उस पार वाले एक पार्षद के पास जब दरोगा का फोन आया और उन्होंने पार्षद को चौकी में चाय पर बुलाया तो पार्षद का माथा ठनका। जब दरोगा जी का फोन चार बा आ गया तो पार्षद हड़बड़ा गया और उसने ये बार-बार चाय रिक्वेस्ट का राज पूछा। वो अपने साथ दो लोगों को लेकर चौकी गया कि अगर चाय का रायता बिखर जाए तो तुम बाहर आकर बता देना, लेकिन जब चाय भी आई और बिस्कुट भी आए तो पता चला कि ये नए साहब के आने का असर है। पुरानी बात भूल जाओ।

## 'बैटल ऑफ कारगिल, बैटल ऑफ माइंड' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

### जेएमएसआईटी ने विजेताओं का किया सम्मान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेएमएसआईटी ने बुलंदशहर एवं गौतमबुद्धनगर जिलों के स्कूली छात्रों के लिए 'बैटल ऑफ कारगिल, बैटल ऑफ माइंड' शीर्षक से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। संस्था द्वारा बुलंदशहर एवं गौतमबुद्धनगर जिले के प्रतिभागियों में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए, वहीं अन्य 500 छात्रों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन का संपूर्ण दायित्व संस्था की एडमिशन हेड अंकिता चौधरी, शिव शंकर पचौरी एवं उनकी समर्पित टीम ने सफलतापूर्वक निभाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें संस्था के प्रबंधक राकेश सिंघल, सचिव डॉ. हिमांशु सिंघल, मुख्य अतिथि वीर चक्र से सम्मानित एवं राष्ट्रीय सैनिक संस्था के संस्थापक सेवानिवृत्त कर्नल टी.पी. त्यागी, विशिष्ट अतिथि पूर्व वायुसेना अधिकारी चौधरी मनवीर सिंह (उपाध्यक्ष, जिला सैनिक बंधु बोर्ड हापुड़ एवं प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय सैनिक संस्था - पश्चिमी उत्तर प्रदेश), संस्था के निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध बिश्वास एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री पी.के. भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिले स्तर पर प्रथम से चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन परिसर प्रबंधक डॉ. गौरव शर्मा द्वारा प्रो. अनमोल कालरा के सहयोग से किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए अंकिता चौधरी, शिव शंकर पचौरी, रोजगार अधिकारी तन्वी गौर एवं सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

**सम्मान**



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। बी भरते एनजीओ ने 'आइकॉनिक वूमेन ऑफ द ईयर अवार्ड्स' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर वसुंधरा वार्ड 61 की पार्षद शिल्पा चौधरी को सम्मामित किया गया।

## शेयर ट्रेडिंग में करोड़ो की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साइबर क्राइम पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शामली निवासी नौशाद है। वह ग्रेजुएट है। नौशाद अपने गिरोह के साथ मिलकर व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए लोगों को शिकार बनाता था। वह फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट पर अकाउंट खुलवाकर निवेश के नाम पर ठगी करता था। गिरोह में दिल्ली के राहुल और आशीष भी शामिल थे। ये दोनों बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते थे और कमीशन पर काम करते थे। गाजियाबाद के वसुंधरा निवासी तेजपाल सिंह से गिरोह ने 4 महीने में करीब 5 करोड़ रुपए ठगे। पुलिस ने तेजपाल को 61 लाख 8 हजार रुपए वापस दिला दिए हैं। इसी तरह इंदिरापुरम के रामकुमार अग्रवाल से एक महीने में 55.50 लाख रुपए की ठगी की गई। गिरोह ने उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों में भी वारदात को अंजाम दिया।




### गोपनीय रिपोर्ट के बाद लाइन भेजे दर्जनों पुलिसकर्मी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सोमवार को कई थानों में एक के बाद एक जो आदेश पहुंचे उसने पूरे कमिश्नरेट में हलचल पैदा कर दी। बताया जा रहा है कि तीनों जोन में कई पुलिसकर्मियों को सीधे पुलिस लाइन भेजा गया है। सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अलग-अलग जोन में बंद लिफाफे में आदेश पहुंचे और इसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में खलबली मच गई। बताया जा रहा है कि इस लिस्ट में उन पुलिसकर्मियों के नाम थे, जिनकी पहले गोपनीय जांच कराई गई और फिर दोषी पाए जाने पर उनको सीधे लाइन का रास्ता दिखाया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम मे सिटी जोन में जहां 14 पुलिसकर्मी लाइन भेजे गए हैं। तो वही ट्रांस हिंडन में यह संख्या 30 से अधिक बताई जा रही है। तो वहीं देहात में भी बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को लाइन भेजा गया है। इसमें थाना प्रभारी के चालक, हमराह और थाने के कुछ टू-स्टारों को भी शामिल किया गया है। बताया जा रहा है कुछ दिन पहले ही इनकी गोपनीय रिपोर्ट के बाद जांच कराई गई। जिस पर उनके ऊपर जो आराप थे वह सही पाए गए और फिर कार्रवाई की गई है।



उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि फिलहाल उनकी लिस्ट अभी मीडिया और अधिकारियों तक पूरी तरीके से नहीं पहुंची है लेकिन चर्चा है कि पुलिसकर्मियों की संख्या तीनों जोन को मिलाकर 50 से अधिक रहने वाली है। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में यह लाइन भेजने वाली करवाई है, उसके बाद कई थानाक्षेत्रों का माहौल और हाल बदलने वाला है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट में ठेकेदार यानी कारखासों पर यह पहला एक्शन हुआ है। तो वहीं आने वाले दिनों में गाजियाबाद में रात रंगीन करने वाले होटलों, रेस्टोरेंट और क्लबों पर कार्रवाई का प्लान बनाया जा रहा है। साथ ही ऐसे होटल जहां अनैतिक कार्य होते हैं, वह भी जल्द ही कार्रवाई वाली जद में आएगे। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से सोमवार को कुछ खास काम करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है, उससे पूरे विभाग में हड़कंप मचा है और अधिकारियों से लेकर उनके प्रभारी यह जान नहीं पा रहे हैं कि मामला एकदम से एक्शन मोड वाला कैसे हो गया।

## भाजपा प्रवक्ता ने गाजियाबाद नाम परिवर्तन विषय पर सकारात्मक टिप्पणी की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के तेज-तर्रार बीजेपी प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी से प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय एवं जिला महामंत्री मनोज गुप्ता ने व्यक्तिगत मुलाकात की। राकेश त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता जनता पार्टी के प्रवक्ता के रूप में झंडा बुलंद करने तथा विपक्षियों को जोरदार तरीके से अपनी वाकपटुता से जवाब देकर भारतीय जनता पार्टी का नाम बढ़ाने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

गाजियाबाद नाम परिवर्तन संबंधी विषय पर चर्चा करते हुए राकेश त्रिपाठी ने शीघ्र ही शीर्ष स्तर पर संदीप त्यागी रसम के नेतृत्व में चल रहे गाजियाबाद नाम परिवर्तन विषय पर सकारात्मक रूप से चर्चा करने व समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राकेश त्रिपाठी ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल के कार्यों की सराहना करते हुए समाज सेवा के कार्य अनवरत जारी रखने की अपील की।

## रेडियोलॉजिस्ट की मौत पर हत्या का मुकदमा

### पिता ने दो कर्मचारियों पर लगाया हत्या का आरोप



**नोएडा (करंट क्राइम)।** सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल के शौचालय में रेडियोलॉजिस्ट असिस्टेंट की संदिग्ध परिस्थितियों मौत के मामले में परिजनों की शिकायत पर थाना सेक्टर-58 पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ नहीं होने पर बिसरा को प्रिजर्व किया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों अस्पताल के कर्मचारी सिदार्थ और महेंद्र शर्मा को नामजद किया है। जल्द ही दोनों से पूछताछ की जाएगी।

कई बार फोन काटा गया मृतक संजीव के पिता भगवान दास ने बताया कि संजीव नोएडा के फोर्टिस अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट एक्सरे विभाग में काम करता था। उसकी शिफ्ट रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक की थी। 13 अप्रैल को संजीव रोज की तरफ रात बाठ बजे अस्पताल पहुंचा। 14 अप्रैल को सुबह आठ बजे तक वो घर नहीं आया। इसके बाद जब पड़ोसी के लड़के से संजीव के मोबाइल पर फोन करवाया तो किसी ने बार बार उसका फोन काट दिया। इसके बाद करीब दस बजकर 19 मिनट पर अस्पताल से फोन आया और बताया कि संजीव की मौत हो चुकी है।

जाति सूचक शब्द कहने का आरोप भगवान दास ने बताया संजीव तीन से चार बार बता चुका था कि अस्पताल के कुछ सीनियर कर्मी उसे जाति सूचक शब्दों से संबोधित करते थे। इससे वो काफी परेशान था। उसने बताया कि अस्पताल में सिद्धार्थ और महेंद्र शर्मा अपने साथियों के साथ मिलकर अस्पताल में आने वाले लोगों को नुकसान पहुंचाने का काम करते थे। नहीं मिला मोबाइल उन्होंने आरोप लगाया कि 13 और 14 की रात संजीव ने अस्पताल में कुछ ऐसे होते देखा कि उसे इन सभी मिलकर मार दिया। संजीव का मोबाइल भी अस्पताल प्रबंधन के पास है। जिसमें कुछ ऐसा है। जिस कारण इनकी पोल खुल सकती है।

जब हमने प्रबंधन से बात की उन्होंने हार्ट अटैक की बात बताई थी। पोस्टमॉर्टम में कुछ नहीं आए इसलिए संजीव की हत्या करने से पहले कुछ दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## डॉ. बीआर अंबेडकर समिति ने किया भीम जन्मोत्सव समारोह का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 20 अप्रैल को डॉ बी आर अंबेडकर समिति सेवा नगर (रजि0) गाजियाबाद के तत्वाधान में संविधान के निमार्ता, बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वी जयंती के उपलक्ष में भव्य भीम जन्मोत्सव समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर बुद्ध वंदना के साथ किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनको नमन किया। उसके पश्चात मंच संचालक व समिति के उपाध्यक्ष सुंदर पाल गौतम ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए सभी का स्वागत किया। समिति के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को पटका पहनाकर और सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया और एक सबसे बुजुर्ग माताजी एवं 14 अन्य महिलाओं को भी पटका पहनाकर और सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया । जहां सभी वक्ताओं ने बाबा साहब के अनमोल विचारों से सभी का मार्गदर्शन किया तो दूसरी ओर के एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल घूकना गाजियाबाद, राखी मैडम और कनक डांस ग्रुप के बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगाने का काम किया। इन सभी बच्चों को भी समिति की ओर से पटका पहनाकर और सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। वर्तमान कार्यकारिणी की ओर से समिति के सभी पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व संरक्षक मंडल सदस्यों को भी उनके योगदान के लिए पटका पहनाकर और सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। समिति की ओर से समस्त मीडिया बंधुओं को भी पटका पहनाकर और सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लकी ड्रा के कूपन भी डाले गए जिसमें सभी लकी ड्रा विजेताओं को उनके इनाम वितरित किए गए।

समिति की ओर से छोले चावल के भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेहा गौतम, विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार सिंह प्रधानाचार्य, डॉ जगजीवन राम गौतम, अतिथि डॉ सेहरा, डॉ राहुल दास, प्रमोद कांगड़ा, कुलविंदर सिंह, संतोष कुमार वरुण, ज्ञानचन्द, वीर सिंह आनंद, राहुल सिंह अध्यक्ष, एड गंगाशरण बबलू, संरक्षक मंडल आनंद प्रकाश, राजेंद्र कुमार, घनश्याम बौद्ध, प्रवेश कुमार, रामकिशोर धींगान, डॉ वीर सिंह गौतम, धम्म प्रचारक रोहतास कुमार, पूर्व संरक्षक मंडल स्वरूप चंद, शीशपाल सिंह, लिखी चंद, महेंद्र दत्त वर्मा, पदाधिकारी अध्यक्ष बबीता धींगान, उपाध्यक्ष सुंदरपाल गौतम, सह उपाध्यक्ष सतीश कुमार, महासचिव सुरेश चंद, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार, लेखा परीक्षक प्रदीप कुमार, सचिव मनोज कुमार, सहसचिव अनिल कुमार, संगठन मंत्री मुन्नी देवी, सलाहकार नवलकिशोर, प्रवक्ता सुनील कुमार, मीडिया प्रभारी अच्छे लाल, प्रभारी जुगनू गौतम, नरेश मास्टर, पवन कुमार, योगेश कुमार, गार्गी गौतम, पिंकी बौद्ध, राजेश्वरी बौद्ध, शारदा बौद्ध, सुषमा बौद्ध, ममता अंबेडकर, धनवती और अन्य सैकड़ों महिलाएं, बच्चे और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल की जेईई मेन की उपलब्धि, छात्र सक्षम गर्ग बने स्टेट टॉपर



SAKSHAM GARG - 99.996 %

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार 19 अप्रैल 25 को जे0ई0ई0 मेन परीक्षा का फाइनल परिणाम घोषित किया गया। कटऑफ व रैंक घोषित की गई, जिसमें नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद के छात्रों ने आशातीत सफलता प्राप्त की । सक्षम गर्ग ने 99.9960 के साथ ऑल इंडिया रैंक 96 के साथ उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल परीक्षा परिणाम में लगभग 40.00 प्रतिशत छात्रों ने 99.9960 से 93.10 परसेंटाइल के बीच अंक प्राप्त किए, जो विद्यालय, विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए हर्ष का विषय है।

सफल छात्रों का ब्यौरा इस प्रकार है-सक्षम गर्ग, अराध्य अग्रवाल, कियांश गर्ग, मानव यादव, ओजस सचदेवा, दिव्यांशी श्रीवास्तव, वेदास्तव मिश्रा, वात्सल्य श्रीवास्तव, पार्थ गोयल, प्रथित गोदाम, गौरव गुप्ता, मधुश्रेया, विवान श्रीवास्तव, निकुंज भारद्वाज, ध्रुव मित्तल, नौवेश कौशिक, आरव मलिक, मेहित भारद्वाज, अंशिका गोयल, प्रगति सिंघल, औजस्व पटेरिया।

अब अगली परीक्षा जे०ई०ई० एडवांस 18 मई को होगी जिसमें एक बार फिर छात्रों को अपना दम दिखाना होगा। नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद का विद्यालय प्रबन्धन व अध्यापक वर्ग सभी अपनी शुभकामनाएँ छात्रों व उनके अभिभावकों को देते हैं ताकि वे अपनी भविष्य की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर सकें।

# अच्छी पहल : निगम द्वारा शहर में लगाए जा रहे हैं अस्थायी प्याऊ, राहगीरों को मिलेगी राहत

## भीषण गर्मी को देखते हुए इंदिरापुरम सहित प्रत्येक जोन में की जा रही है पेयजल की व्यवस्था : नगर आयुक्त







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा अस्थाई प्याऊ,लगाए जा रहे हैं, जिसके क्रम में प्रत्येक जोन में आवश्यकता को देखते हुए 10 से 12 सार्वजनिक स्थलों पर शीतल जल की आपूर्ति राहगीरों के लिए करते हुए प्याऊ लगाने का कार्य विभाग कर रहा है, इंदिरापुरम सहित गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगभग 50 से 60 अस्थाई प्याऊ लगाई जा रहे हैं। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि भीषण गर्मी के चलते राहगीरों के लिए रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, बस अड्डा,अस्पताल, ऑटो स्टैंड, व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर केनोपी लगाकर मटकों के माध्यम से शीतल जल की आपूर्ति राहगिरियों के लिए की जा रही है जिसमें सबसे पहले सिटी जोन अंतर्गत अस्थाई प्याऊ लगाए गए हैं। अन्य जोन में भी तेजी से कार्य करते हुए अस्थाई प्याऊ लगाने का कार्य चल रहा है। अस्थाई प्याऊ पर रखे हुए मटकों में समय-समय पर जलकल विभाग द्वारा पानी भरा जाएगा तथा स्वच्छ और शीतल जल की आपूर्ति राहगीरों को होगी।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगातार जलापूर्ति के लिए हैंडपंप तथा नलकूपों की मरम्मत का कार्य भी जोरों से चल रहा है। इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगभग 35 स्थाई प्याऊ गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगाए हुए हैं। पटेल नगर फर्स्ट हापुड रोड, मेरठ रोड आर्य नगर, राज नगर एक्सटेंशन व अन्य स्थानों पर स्थाई प्याऊ लगाएं इसी क्रम में आवश्यकता को देखते हुए अस्थाई प्याऊ लगाने की कार्यवाही जारी है।

## गाजियाबाद, मोदीनगर एवं लोनी महायोजना : 2031

# प्रारूप में प्राप्त आपत्तियों/सुझावों पर सुनवाई के लिए जीडीए में आयोजित हुई बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा गाजियाबाद, मोदीनगर एवं लोनी महायोजना - 2031 के प्रारूप के संबंध में सार्वजनिक रूप से दिनांक 28 मार्च 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक आम नागरिकों से आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित किए गए थे। उक्त अवधि में कुल 32 आपत्तियाँ/सुझाव प्राप्त हुए। उक्त आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार हेतु दिनांक 21 अप्रैल 2025 को प्राधिकरण मुख्यालय में एक समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा की गई। बैठक में जिला अधिकारी प्रतिनिधि, अधिशासी अभियंता (नगर निगम गाजियाबाद), नगर नियोजक, प्रमुख नगर एवं ग्राम नियोजक (उत्तर प्रदेश शासन), तथा नगर आयुक्त (गाजियाबाद नगर निगम) सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक में प्राप्त सभी 32 आपत्तियों/सुझावों पर विस्तृत रूप से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। समिति की अनुशंसा को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। अनुमोदन उपरांत, महायोजना - 2031 को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी तथा शासन को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजा जाएगा।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि किस्सा सुबह सात बजे का किसी के घर से निकलकर आया बाहर? सुना है भगवा त्यागी जी अक्सर देते हैं इसी समय यहां भगवा गढ़ के ताकतवर नेता के यहां दीदार? सुना है रुटीन के तहत वो यहां पर करने पहुंचे थे मुलाकात? इसी बीच कोई फरियादी आ गया साहब? सुना है, नेताजी फरियादी से बातचीत करने में हो गए बहुत ज्यादा व्यस्त? ऐसे में बीत गया डेढ़ घंटे का वक्त? त्यागी जी इतना इंतजार करने पर हो गये बहुत ज्यादा नाराज? फिर सामने से नेता ने कहा–हमारे लिये फरियादी ज्यादा जरूरी है, आपसे तो होती रहती है बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अंबेडकरजी के कार्यक्रम के बाद ली थी भगवा नेता ने एक मीटिंग? इस मीटिंग में हुई थी काफी चेहरों की सीटिंग? यहां पर भगवा नेता ने दे दिये थे सभी को स्पष्ट संदेश? कहा था, जो सिफारिश के दम पर पद पाना चाह रहे हैं, उन्हें नहीं मिलेगा संगठन में स्पेस? सिफारिश की पर्चियों का हम करेंगे कुछ और ही इंतजाम? ये पर्चियां आएंगी सर्दियों में हाथ तापने के काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों भगवा गढ़ में मीठे मेंबर त्यागी जी और चाबी खो होने वाले त्यागी जी के बीच में गिड़ गई बात? सुना है, पहले से कम हो गई है दोनों के बीच मुलाकात? पता चला है चाबी खोने वाले त्यागी जी ने कार्यक्रम के मंच से नहीं लिया था मीठे वाले त्यागी जी का नाम? बस इसी बात ने कर दिया था उनको परेशान? सुना है, तब से हो गई है बातचीत ब्रेक? जो पहले कभी होती थी आम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के एक महान मंत्री पर इन दिनों चढ़ गया है 'चुप रहे तो दुआ समझो, कह दिया तो हुआ समझो' वाले डायलोग का खुमार? सुना है, आजकल वो जहां भी जाते हैं, इस डायलोग डिलीवरी के बाद ही पेश करते हैं अपने विचार? कहने वाले ने कहा– इन महान मंत्री को हो गया है इस बात का एहसास? कि विधायक जी उनके लिये कहना तो दूर, दुआ में भी नहीं रखेंगे उनको याद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे लाजपत एरिये वाले कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर हमें दिखाई दे रहा था पूरी शिद्दत से भगवा योद्धा का वजूद? भगवा योद्धा ने यहां पर पूरे आलोक से खिला दी किसी चेहरे पर मुस्कराहट? कहा–तुम्हारी इस मेहनत की भविष्य में दिखाई देगी आहट? जो आपने हमें फूल दिया है, उस फूल को आने वाले समय में हम करेंगे पूरी मोहब्बत से रिटर्न? सुना है ये शब्द कई दिलजले भी चुन रहे थे, उनका चेहरा देखकर लग रहा था, वो हो गए हैं झंड?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ऐसा लग रहा है, पूरे आलोक से नदिया पार के एक भगवा कमिश्नर नहीं ले पा रहे हैं अपने मंडल का लोड? सुना है उन्होंने जब पहले ग्रुप बनाया था, अब उसमें हर कोई अपनी पोस्ट करता था अपलोड़? पता चला है, उन्होंने अपने ग्रुप को कर दिया है अब एडमिन मोड? अब वो नहीं पढ़ना चाह रहे हैं इस पर किसी और की सोच? कहने वाले ने कहा– उन्होंने छीन ली है हमारी अभिव्यक्ति की आजादी? इस बात का है हमें बहुत ज्यादा अफसोस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में चल रहा था प्रबुद्ध वाला प्रोग्राम? यहां पर भगवा योद्धा ने कुछ ऐसी बात कही, जिससे आ गई कई चेहरों पर मुस्कान? जब झंडे कम होने वाली बात पर, रखा किसी ने विचार? तब इन्होंने झंडे का फंडा पेश कर दिया यार? कहा– हम इस सिस्टम को मजबूती से थाम लेंगे? अगर साहिबाबाद में झंडे कम पड़े तो फिर झंडों को शहर वालों से मांग लेंगे?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा के युवा नेताओं के बीच में फूलों वाले विवाद को लेकर हो रही हैं तरह–तरह की बात? कहने वाले कह रहे हैं कि जो चेहरे राजनीति की बड़ी पिच पर खेलने का देख रहे हैं सपना? उन्हें नहीं करनी चाहिए इतनी छोटी–छोटी बात? उन चेहरों को दिखाना चाहिए अब तो बड़ा दिल? बड़े फ्लेटफार्म पर बड़ी जिम्मेदारियां निभानी पड़ती हैं? पार्टी के लिये कीमत तो चुकानी पड़ती है? अगर इतनी बातों पर इनको लड़ना है तो फिर ये चेहरें जहां हैं वहीं पर रहे? क्यों इनको सिस्टम में आगे बढ़ना है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार ज्यादा नहीं घिसना पड़ेगा मिस्टर रंजन को उम्मीदों का मंजन? हमें पता चला है, इस बार इस सक्रिय चेहरे का मामला हो गया है डन–डन? ये भगवा योद्धा की टीम में इस बार जरूर पाकर रहेंगे स्थान? कहने वाले ने कहा– कोरे कागज पर हमारी बात को लिखकर रख लो? हम ये भारी भरकम शब्द यूं ही नहीं कह रहे हैं श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के त्यागी दावेदारों को हो जाना चाहिए इस वक्त सावधान? सुना है, उनकी बिरादरी का ब्रदर भर रहा है किसी के कान? सुबह से लेकर शाम तक वो देता है सामने वाले को इनके खिलाफ प्रसाद? जितनी भी हो, जैसी भी हो बताता है निगेटिव बात? यकीन अगर ना आ रहा हो तो एक बार ये चेहरें टूर लगा लें नेता के घर का? वहां पर हो जाएगी इन सभी की इस चेहरे से मुलाकात?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# लाजपत नगर मंडल में आलोक शर्मा ने किया महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का स्वागत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लाजपत नगर मंडल में नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का भव्य स्वागत आलोक शर्मा मंडल अध्यक्ष एवं उनकी समस्त टीम के द्वारा किया गया। बुलडोजर के द्वारा महानगर अध्यक्ष पर पुष्पों की वर्षा कराई गई एवं ढोल नगाड़ों के साथ आतिश बाजी भी की गई स्वागत समारोह में पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा के साथ भारी संख्या में बहनों ने भी हिस्सा लिया। स्वागत समारोह में माधव सुद, हिमांशु शर्मा, पार्षद रामनिवास बंसल, पार्षद प्रमोद राघव, पार्षद बी एल गौतम, महानगर मंत्री गुंजन शर्मा, महानगर मंत्री संदीप चौधरी, महानगर महामंत्री युवा मोर्चा विनोद शर्मा, पूर्व पार्षद आशुतोष शर्मा, पूर्व पार्षद एस पी सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमिला राणा, मंडल संयोजक महिला मोर्चा रॉबिन भड़ाना, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा कृष्णा मजूमदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा राम जी झा, गगन आनंद, अतुल शर्मा, राजेश चतुर्वेदी, के एन सिंह, राजाराम मौर्य, कल्लू पहलवान, विशाल कौशिक, विराट सिंह, आशीष शर्मा, भगवत सिंह, श्याम वीर सिंह, सन्नी राज, सौरभ डागर, मंजू गुप्ता, दिलीप शर्मा, राजबीर गौड, निशांत भड़ाना आदि मौजूद रहे।

# 'वन नेशन - वन इलेक्शन' विषय पर बौद्धिक सम्मेलन आयोजित

## भाजपा संपूर्ण रूप से राष्ट्र को समर्पित है : मयंक गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम में 'वन नेशन वन इलेक्शन' विषय पर एक प्रभावशाली प्रबुद्ध जन इंटेलेक्चुअल सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सैकड़ों बुद्धिजीवी, विचारक एवं राष्ट्रहित चिंतक सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन का उद्देश्य एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा पर गहन विचार–विमर्श कर इसे जनमानस तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, एनटीपीसी के पूर्व सीएमडी ए.के. झा, वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट अनिल शर्मा, 'वन नेशन वन इलेक्शन' अभियान के संयोजक एस.पी. सिंह, तथा महानगर सह–संयोजक अभिनव जैन ने सारगर्भित वक्तव्य दिए। महानगर शहर संयोजक अभिनव जैन के निर्देशन में हुए इस आयोजन के आयोजन करता नवनीत मित्तल जी एवं अजय शुक्ला जी थे। वक्ताओं ने साझा किया कि बार–बार चुनाव होने से देश की विकास प्रक्रिया बाधित होती है, प्रशासनिक तंत्र पर अनावश्यक दबाव पड़ता है तथा भारी मात्रा में संसाधनों का अपव्यय होता है। वन नेशन वन इलेक्शन न केवल इन समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करता है, बल्कि इससे शासन प्रणाली अधिक स्थिर, पारदर्शी एवं प्रभावी बन सकती है। मयंक गोयल ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी राजनीतिक शक्ति है जो संपूर्ण रूप से



राष्ट्र को समर्पित है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत माता की जय बोलने वाला हर नागरिक इस राष्ट्र की आत्मा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि एक देश में दो संविधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चल सकते। वन निश्चय, वन लक्षण के लाभ : एकरूप चुनाव प्रणाली न केवल शासन के दृष्टिकोण से लाभकारी है, बल्कि यह लोकतंत्र को मजबूत बनाने में भी सहायक सिद्ध होगी। इससे देश में नीति–निर्माण और कार्यान्वयन की प्रक्रिया में निरंतरता आएगी, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं को सही समय पर लागू किया जा सकेगा।

# ब्राह्मण समाज का अनुराग कश्यप के खिलाफ विरोध

## विवादित बयान पर एफआईआर की मांग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर स्थित दुर्गा टावर आरडीसी में विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर दिए गए विवादित बयान को लेकर कड़ा विरोध दर्ज किया गया। महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि कश्यप ने अपने बयान से ब्राह्मण समाज का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान से समाज में गलत संदेश जाता है। विशेषकर बच्चों और महिलाओं पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बीके शर्मा ने कहा कि एक फिल्म निर्देशक के रूप में कश्यप का यह बयान समाज और देश की एकता के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने ब्राह्मण समाज के योगदान को याद करते हुए कहा कि सृष्टि के आरंभ से ही ब्राह्मण समाज देश और समाज की सेवा में समर्पित रहा है। महासभा ने अनुराग कश्यप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एकमत से कश्यप के बयान की निंदा करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।


## पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने किया विकास कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने वार्ड 61 वसुंधरा सेक्टर 2 सी चौक से लेकर 2 बी अर्थला अंडरपास चौक तक मेवाड़ कॉलेज के सामने बीच वाली ग्रीन बेल्ट पर तार फेंसिंग कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पार्षद शिल्पा चौधरी के अथक प्रयास से ग्रीन बेल्ट की सफाई व तार फेंसिंग के कार्य किया जा रहा है। पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने बताया कि वार्ड में विकास कार्य किए जा रहे हैं कहीं पर सड़क या कहीं के पार्क का निर्माण कार्य चल रहा है। उसी के चलते ग्रीन बेल्ट को भी विकसित किया जा रहा है। हमारा प्रयास यही है कि वार्ड को साफ और सुंदर रखें। इस अवसर पर अजीत सिंह वीरेंद्र त्यागी , पुनीश त्यागी, बचनपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# पशुपालन, शिक्षा विभाग, मत्स्य विभाग से संबंधित नवाचार की बैठक सम्पन्न

## हर गौवंश को बेहतर सुविधा व चारा उपलब्ध कराया जाए : अभिनव गोपाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में पशुपालन, शिक्षा विभाग, मत्स्य विभाग से सम्बंधित नवाचार की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे मछली पालन, तालाब आवंटन सहित अन्य सभी कार्यों को पूर्ण करते हुए मछली पालन हेतु लोगों में जागरूकता लाएं और उन्हें मछली पालन सम्बंधित आधुनिक जानकारी भी जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रदान करें। शिक्षा विभाग से सम्बंधित मध्यान्ह भोजन के सम्बंध में कहा कि बच्चों को शुद्ध, ताजा और पोष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए "कीचन गार्डन" की व्यवस्था की जाएं, इसकी पृष्ठभूमि तैयार करते हुए आगामी कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया जाएं। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि कोई भी गौवंश निराश्रित ना रहें, हर गौवंश को बेहतर सुविधा व चारा उपलब्ध कराया जाएं। नेपियर घास भी उगाई जाये, जिससे गौवंशों को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हो सके। गौवंशों गोद दिया जायें जिससे उनकी और अधिक अच्छी देखभाल हो सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नवाचार की बैठक का मुख्य उद्देश्य नए विचारों को उत्पन्न करना, उत्पादों या सेवाओं को बेहतर बनाना, या पूरी तरह से नए समाधानों की तलाश करना होता है। इन बैठकों में, टीमें नए विचारों को साझा करने, समस्या-समाधान के लिए नए तरीके खोजने, और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विचार करते हुए कार्य करती हैं।

अतः हर विभाग के अधिकारी अपने क्षेत्र में और बेहतर तरीके से कार्य करने हेतु अपने सुझाव दे सकते हैं। बैठक में डीएसटीओ, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग, एनजीओ के सदस्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में मूट कोर्ट का सफल आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई यूनिवर्सिटी एस डी जी आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में सुंदरदीप कॉलेज ऑफ लॉ के तत्वावधान में एक दिवसीय मूट कोर्ट अभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें विधि के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया और अपने कानूनी ज्ञान एवं तर्क-वितर्क क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ प्रसन्नजीत कुमार ने किया। उन्होंने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मूट कोर्ट अभ्यास की युवा विधि छात्र/छात्राओं को भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। अभ्यास के निर्णायक मंडल में निर्देशक डॉ. हेमंत कुमार शर्मा, विधि विभागाध्यक्ष डॉ. उर्मिला जाटव सम्मिलित थे, जिन्होंने निष्पक्षता और गहराई से छात्र/छात्राओं के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. उर्मिला जाटव ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी शैक्षणिक गतिविधियाँ छात्र/छात्राओं में आत्मविश्वास और पेशेवर दक्षता को बढ़ावा देती हैं। यह प्रतियोगिता छात्र/छात्राओं के लिए एक शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक अनुभव साबित हुई। इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने इस अभ्यास के आयोजन को सराहनीय बताया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बिल्डर एसोसिएशन रविन्द्र त्यागी के दफ्तर पर उनके पुराने मित्र बागपत लोकसभा सांसद राजकुमार सांगवान पहुंचे। दोनों मित्रो के बीच देर तक पुरानी यादों को लेकर बाते हुई। रविन्द्र त्यागी ने इस मुलाकात को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।